वर्ष : 17 | अंक : 187 | मूल्य : 02 रुपया मात्र | पृष्ठ : 08

LKS

दैनिक लोकतंत्र की शान

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

दिल्ली से प्रकाशित | सोमवार 27 अप्रैल 2026 | लोकतंत्र का स्तंभ

# मन की बातः पीएम मोदी ने गिनाए सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के फायदे

## प्रधानमंत्री ने गुरुदेव को याद करने से लेकर ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियां साझा की

एजेंसी। नई दिल्ली



- कलपक्कम के फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की उपलब्धि का किया जिक्र
- स्वच्छ ऊर्जा और विज्ञान को बताया विकास का आधार

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में रविवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को याद करते हुए उन्हें बहु आयामी प्रतिभा के धनी, लेखक और महान विचारक बताया और कहा कि उन्होंने कई प्रसिद्ध संस्थाओं को आकार दिया। प्रधानमंत्री ने शांति निकेतन की अपनी यात्रा को अविस्मरणीय बताया। 9 मई रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम से देश की ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी दो बड़ी उपलब्धियां साझा की।

उन्होंने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा क्रिटिकलिटी हासिल करने पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। साथ ही पवन ऊर्जा क्षेत्र में देश की उत्पादन क्षमता 56 गीगावॉट तक पहुंचने की उपलब्धि का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी उपलब्धि को भारत की परमाणु ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है, जो देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने देश के अलग-अलग राज्यों में पवन ऊर्जा क्षमता के विस्तार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 1 साल में देश ने 6 गीगावॉट क्षमता बढ़ाई है। इससे देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता 56 गीगावॉट तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के माध्यम से देश में जारी जनगणना को सफल बनाने के लिए जन भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि अब तक एक करोड़ 20 लाख मकान का सूचीकरण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से स्वयं फॉर्म भरने के बारे में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने देश की विरासत को जानने और समझने की दिशा में नेशनल आर्काइव ऑफ इंडिया के हालिया प्रयास की जानकारी दी। आर्काइव इंडिया ने हाल ही में 20 करोड़ दस्तावेजों को डिजिटलाइज करके सार्वजनिक किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे जुड़ी वेबसाइट पर जाकर इन दस्तावेजों को पढ़ा जा सकता है। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम से जुड़े धुन अब वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अब लोग वहां जाकर इसका आनंद ले सकते हैं। जल्द ही यह अन्य प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध होगी। भगवान बुद्ध के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिका के चिली का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे धीरे-धीरे भारतीय विचार दुनिया तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री में आज वन्य जीव संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। ब्लैक बग, द ग्रेट इंडियन बास्टड्र्स और अन्य जीवों के संरक्षण के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मानव के प्रकृति के साथ मिलकर काम करने से बदलाव नजर आ रहा है। अपनी सरकार के आने पर बांस को पेड़ों की व्याख्या से बाहर निकालने के कार्य का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे इससे पूर्वोत्तर के राज्यों के लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। उन्होंने इन बदलावों का उदाहरण देते हुए लोगों से पूर्वोत्तर में बने बांस के उत्पादों को खरीदने की अपील की। कार्यक्रम में उन्होंने यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड का उल्लेख किया जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान हासिल किया। उन्होंने इसमें भाग लेने वाली लड़कियों के नाम और उन्हें मिले मेडल की जानकारी दी। भारतीय पनीर की दुनिया भर में बढ़ती मांग और इस क्षेत्र में हो रहे निवेश का उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यंजन अब दुनिया भर में लोगों के खाने की प्लेट तक पहुंच रहे हैं।

### बुद्ध पहले से अधिक प्रासंगिक

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान गौतम बुद्ध के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक तनाव और संघर्ष के दौर में बुद्ध के शांति और आत्मविजय के संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। प्रधानमंत्री का यह संबोधन विज्ञान, ऊर्जा और आध्यात्मिक मूल्यों के संतुलन के जरिए देश के समग्र विकास की दिशा को रेखांकित करता है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

### भारतीय राजनीति के बदलते समीकरण



(भाजपा) में शामिल होने से "लोटस अभियान" को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। विशेष रूप से पंजाब, जहां आप की सरकार है, पंजाब की राजनीति के लिये यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। पंजाब में भाजपा लंबे समय से अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर भाजपा 5 दशक से अपना झंडा गाड़ना चाहती थी, लेकिन वह आज तक सफल नहीं हो पाई। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, इंडियन नेशनल कांग्रेस और आप आदमी पार्टी की पैठ हैं। कांग्रेस में पिछले दशक में काफी तोड़-फोड़ हुई है। अब आप नेताओं में दल-बदल शुरू हुआ है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों का इस्तीफा इस बात का संकेत है। आने वाले समय में पंजाब की राजनीति में बड़े राजनीतिक बदलाव होने जा रहे हैं। पंजाब सरकार इस संकट में गिर भी सकती है। अरविन्द केजरीवाल की नजर पंजाब के बाद गुजरात पर बनी हुई है।

अगले वर्ष पंजाब और गुजरात में चुनाव होना है। गुजरात में केजरीवाल सीधे प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा इसे चुनौती मानकर आम आदमी पार्टी को पंजाब में उलझाकर गुजरात में केजरीवाल और आप को रोकना चाहती है। वहीं पंजाब में भाजपा कब्जा करना चाहती है। ताकि वह अन्य राज्यों में आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के विस्तार को रोक सके। भाजपा ने यह राजनीतिक सक्रियता ऐसे समय में बढ़ाई है, जब बंगाल और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में चुनावी प्रक्रिया जारी है। उनके परिणाम जल्द आने वाले हैं। भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण के नाम पर महिलाओं को लुभाने की राजनीति शुरू कर दी है। प. बंगाल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बनाकर प्रचारित किया है। पंजाब भी उसी क्रम में शामिल है। भाजपा महिलाओं को आगे करके आक्रामक राजनीति शुरू कर दी है। ऐसे समय पर लोटस अभियान को संचालित करना अगली चुनावी रणनीति का हिस्सा है। विश्लेषकों का मानना है, सांसदों के इस्तीफे और महिला आरक्षण जैसे मुद्दों को जोड़कर भाजपा 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा जुट गई है। विपक्षी दलों और इंडिया अलायंस में शामिल विपक्षी दलों के बढ़ते आक्रामक रुख के बीच भाजपा अपने प्रभुत्व को बनाए रखने, विपक्षी दलों में फूट डालने के लिए हर संभव रणनीति को अपना रही है।

साल 2027 में सात राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी अभी से संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने लोटस अभियान एवं जांच एजेंसियों के माध्यम से खुद को उन राज्यों में मजबूत करना चाहती है, जहां उसका प्रभाव ना के बराबर है। एक बड़ा प्रश्न है कि क्या इस तरह की रणनीतियां लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीति में विपरीत असर नहीं डालती हैं? विपक्ष आरोप लगाता रहा है, संवैधानिक संस्थाएं सरकार के प्रभाव में काम कर रही हैं।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### चेर्नोबिल की परमाणु त्रासदीः एक गलती जिससे फूटे परमाणु बम



**कीव।** 26 अप्रैल 1986 की रात दुनिया के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है, जब सोवियत संघ (अब यूक्रेन) के चेर्नोबिल में स्थित न्यूक्लियर पावर प्लांट के रिएक्टर-4 में विस्फोट हुआ। इस हादसे को आज 40 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन इसका असर आज भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उस रात एक मामूली टेस्ट के दौरान हुई मानवीय भूल और तकनीकी खामियों ने मिलकर ऐसी तबाही मचाई, जिसने पूरे यूरोप को रेडिएशन की चपेट में ला दिया। विशेषज्ञों के मुताबिक, विस्फोट के बाद निकलने वाला रेडिएशन इतना ज्यादा था कि शुरुआती घंटों में इसका प्रभाव हर घंटे दो परमाणु बमों के बराबर आंका गया। हादसे की शुरुआत एक रूटीन सेफ्टी टेस्ट से हुई थी, जिसमें यह जांचा जा रहा था कि बिजली गुल होने की स्थिति में रिएक्टर को कैसे ठंडा रखा जा सकता है। लेकिन अनुभवहीन स्टाफ और सुरक्षा नियमों की अनदेखी ने स्थिति को भयावह बना दिया। कंट्रोल रॉड्स को जरूरत से ज्यादा बाहर निकाल दिया गया, जिससे रिएक्टर की ऊर्जा अचानक कई गुना बढ़ गई। जब हालात काबू से बाहर हो गए, तो इमरजेंसी शटडाउन बटन दबाया गया, लेकिन रिएक्टर के डिजाइन में मौजूद खामी ने स्थिति और बिगाड़ दी।

### बंगाल में लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा हैः राहुल



**कोलकाता।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद हुई हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस घटना के लिए सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में वर्तमान में लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो चुका है और वहां केवल टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि देबदीप चटर्जी की हत्या टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव के बाद विरोधी आवाजों को डराना, उनकी हत्या करना और उन्हें मिटाना ही अब तृणमूल कांग्रेस का असली चरित्र बन चुका है। कांग्रेस सांसद ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर आधारित नहीं रही है और न ही भविष्य में होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी ने अपने कई कार्यकर्ता खोए हैं, लेकिन इसके बावजूद हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता ही चुना है, जो कांग्रेस की विरासत और संकल्प दोनों है। राहुल गांधी ने इस मामले में राज्य सरकार से न्याय की मांग करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कठोरतम सजा देने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने देबदीप के परिवार के लिए पूर्ण सुरक्षा और उचित मुआवजे की भी मांग रखी।

## तकनीकी क्षमता से परिभाषित होगी राष्ट्रों की शक्तिः जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि सामूहिक प्रयासों से भारत न केवल विकसित राष्ट्र बनेगा बल्कि वैश्विक प्रगति को भी नई दिशा देगा। आने वाले दशकों में किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी तकनीकी क्षमता से परिभाषित होगी। डॉ. सिंह ने यह बात लॉस एंजिल्स में वर्चुअल माध्यम से आयोजित 'अखिल-आईआईटी पूर्व छात्र सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के प्रौद्योगिकी नेता, उद्यमी, निवेशक और शोधकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, "भारत को तकनीकी संप्रभुता हासिल करने और वैश्विक स्तर पर अपनी प्रगति को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व करना होगा। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं रहा बल्कि एक वैश्विक नवप्रवर्तक के रूप में उभर रहा है। साल 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार हमारी नींव हैं। अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार, जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति और डीप-टेक स्टार्टअप्स का उदय भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति के जीवंत प्रमाण हैं। भारतीय प्रवासियों, विशेष रूप से आईआईटी के पूर्व छात्रों के योगदान की सराहना करते हुए मंत्री ने उन्हें भारत और वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

## पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सांसद रवि किशन के चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल व भाजपा में झड़प

एजेंसी। हावड़ा



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच उत्तर हावड़ा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में रविवार दोपहर अभिनेता व सांसद रवि किशन के प्रचार के दौरान तृणमूल कानर्यकर्ताओं ने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। इससे भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सांसद रवि किशन उत्तर हावड़ा से उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में बामनगाछी इलाके में रोड शो कर रहे थे। उसी समय अरविंद स्कूल के पास तृणमूल कांग्रेस पार्टी कार्यालय के सामने खड़े तृणमूल समर्थकों ने भाजपा के जुलूस के खिलाफ 'जय बांग्ला' के नारे लगाने शुरू कर दिए। दूसरी तरफ से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम और चोर-चोर के नारे लगाए। जिसको लेकर दोनों पक्षों में पहले बहस हुई और देखते ही देखते मारपीट हो गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल के लोगों ने उन पर लाठी और बांस से हमला किया। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिना वजह के जुलूस में शामिल तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लाठी और रॉड से हमला किया। इस झड़प से इलाके में ज़्यादा तनाव का माहौल बन गया। सूचना पाकर सेंट्रल फोर्स और पुलिस मौके पर पहुंची और और मामले को नियंत्रित किया।

## सांसदों के आप छोड़ने पर बोले अन्ना- जनता के साथ विश्वासघात



**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देकर सख्त दलबदल विरोधी कानून की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में नेता अक्सर व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर पार्टी बदल लेते हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान होता है। सामाजिक कार्यकर्ता हजारे ने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान का मूल उद्देश्य समाज और राष्ट्र का कल्याण है, न कि राजनीतिक दलों के हितों की रक्षा। उनके अनुसार, आज समाज में बढ़ते विवाद और टकराव के पीछे राजनीतिक पार्टियों की भूमिका भी बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि जब तक दलबदल को रोकने के लिए कठोर कानून नहीं बनेगा, तब तक नेता अपने फायदे के लिए दल बदलते रहने वाले है। उन्होंने कहा कि अगर एक प्रभावी और सख्त दलबदल विरोधी कानून लागू होता है, तब इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर सांसदों के इस कदम की आलोचना करने से परहेज कर कहा कि अंतिम जिम्मेदारी जनता की है। सामाजिक कार्यकर्ता हजारे ने मतदाताओं को लोकतंत्र का "राजा" बताकर कहा कि सही और गलत का निर्णय अंततः जनता के हाथ में होता है।

## टेकऑफ से पहले दिल्ली-ज्यूरिख विमान के इंजन में लगी आग, 6 यात्री घायल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार तड़के एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब दिल्ली से ज्यूरिख जा रही स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस (स्विस) की फ्लाइट एलएक्स147 के इंजन में अचानक खराबी आ गई और उसमें आग की लपटें दिखाई देने लगीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तत्काल टेकऑफ रद्द कर दिया और विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एयरबस ए330 विमान रात करीब 1:08 बजे रनवे 28 पर टेकऑफ के लिए तेजी से दौड़ रहा था। इसी दौरान एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद आग लगने की आशंका पैदा हो गई। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान लगभग 104 नॉट्स की रफ्तार तक पहुंच चुका था, लेकिन समय रहते निर्णय लेते हुए क्रू ने टेकऑफ रोक दिया। स्थिति को देखते हुए यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा के लिए तुरंत इमरजेंसी इवेक्यूएशन का निर्णय लिया गया। यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड के जरिए विमान से बाहर निकाला गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, जिसमें छह यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बंगाल में चल रही थी शुभेंदु की जनसभा, नाराज होकर मंच से उतर रैली छोड़ चली गईं ममता

एजेंसी। कोलकाता



वेस्ट बंगाल विधानसभा चुनाव में सबसे हाई प्रोफाइल सीट भवानीपुर के लिए चल रही ज़ोरदार लड़ाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है। यहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त झड़प हुई। मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रत्याशी ममता बनर्जी झड़प को लेकर इतनी नाराज हो गईं कि वे अपनी जनसभा संबोधन चंद मिनट में खत्म कर चली गईं। दूसरी ओर बीजेपी प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने ममता की नाराजगी पर केवल इतना कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता केवल अपनी जनसभा की तैयारी कर रहे थे। इसमें किसी को इतना नाराज होने की क्या बात है। लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात को लेकर है कि क्या ममता बनर्जी का मनोबल टूट रहा है। ह घटना 29 अप्रैल की अहम वोटिंग तारीख से कुछ ही दिन पहले हुई, जब भवानीपुर सीट के दो मुख्य प्रत्याशी मुख्यमंत्री ममता और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी एक-दूसरे से कुछ ही दूरी पर अपनी-अपनी जनसभाएं कर रहे थे। यह तनाव भवानीपुर की लड़ाई में बड़ा मोड़ माना जा रहा है। यह वह सीट है जिस पर बनर्जी 2011 से काबिज हैं, लेकिन बीजेपी ने इस सीट पर 2026 के विधानसभा चुनावों में अपना सबसे बड़ा निशाना बनाया है।

## व्हाइट हाउस डिनर में फायरिंग से हड़कंप ट्रंप ने जारी की हमलावर की तस्वीरें

एजेंसी। वॉशिंगटन




अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान एक बड़े सुरक्षा हादसे ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। इस कार्यक्रम के दौरान एक संदिग्ध हमलावर द्वारा फायरिंग की घटना सामने आई, जिसके बाद तत्काल सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घटना के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी के पास "कई हथियार" थे और वह कैलिफोर्निया का रहने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संदिग्ध की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलेन के रूप में हुई है, जो टॉरेंस, कैलिफोर्निया का निवासी बताया जा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आरोपी की तस्वीरें और एक वीडियो क्लिप भी साझा की, जिसमें वह सुरक्षा चेकपॉइंट पार करने की कोशिश करते हुए नजर आ रहा है, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत काबू में कर लिया। घटना के समय राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी कार्यक्रम में मौजूद थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम को बीच में ही रद्द कर दिया गया, जिसे अब अगले 30 दिनों के भीतर दोबारा आयोजित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने इस हमले को "अप्रत्याशित" बताते हुए आरोपी को "लोन वुल्फ" और "मानसिक रूप से अस्थिर" व्यक्ति करार दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहली बार नहीं हैं और कई बार प्रमुख राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाया जाता रहा है।

## मौसम की चुनौतियों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन बेहतर, बढ़े रकबे और खरीद के आंकड़े से उछाल के संकेत

एजेंसी। नई दिल्ली



देश में इस साल 3.34 करोड़ हेक्टेयर में हुई गेहूं की बुवाई के बाद बेहतर कृषि प्रबंधन और उन्नत किस्मों के उपयोग के चलते मौसम की मार के बावजूद गेहूं उत्पादन समग्र रूप से बेहतर रहा। फरवरी की गर्मी, असमय बारिश और ओलावृष्टि के असर के बावजूद हरियाणा में 56.13 लाख मीट्रिक टन खरीद, मध्य प्रदेश में लक्ष्य बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन और महाराष्ट्र में 22.90 लाख टन उत्पादन के अनुमान है, जो अच्छा उत्पादन है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। पूरे सीजन के दौरान फसल में किसी बड़े कीट या रोग का प्रकोप नहीं देखा गया। मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर हीट स्ट्रेस का असर पड़ा, जिससे दानों के भरने की अवधि प्रभावित हुई। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में असमय बारिश और ओलावृष्टि से स्थानीय स्तर पर नुकसान की आशंका रही है। हालांकि, कई सकारात्मक कारकों ने इन प्रतिकूल प्रभावों को संतुलित किया है। समय से पहले बुवाई, अधिक क्षेत्र में खेती, उन्नत और जलवायु सहनशील किस्मों का उपयोग तथा खरपतवार और कीटों का कम प्रकोप उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में सहायक रहे हैं। खरीद के आंकड़े भी बेहतर स्थिति बताते हैं। हरियाणा में गेहूं की आवक सरकारी लक्ष्य से आगे रही है और खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश में उच्च उत्पादन के अनुमान के चलते खरीद लक्ष्य बढ़ाया गया है, जबकि महाराष्ट्र में भी उत्पादन में स्थिर वृद्धि देखी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कुछ प्रभावों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन की समग्र स्थिति संतोषजनक और मजबूत बनी हुई है।


## भारत से 100 रुपये से अधिक का सामान लाने पर कस्टम ड्यूटी से सीमा पर कम हुई भीड़

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से खरीदकर लाए जाने वाले सामान पर 100 रुपये से ही कस्टम शुल्क लेने के नियम को सख्ती से लागू किए जाने के बाद सीमा नाकों पर आम लोगों की भीड़ कम हो गई है। भारतीय बाजार से 100 रुपये से अधिक मूल्य का सामान लाने पर अनिवार्य रूप से कस्टम शुल्क चुकाने के नियम लागू होने के बाद सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी बैग जांच से लेकर माइकिंग तक की कार्रवाई तेज कर चुके हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि अवैध आयात रोकने के लिए शुरू की गई इस सख्ती से पेशेवर तस्करी में कमी आएगी। प्रशासन का दावा है कि घरेलू उपयोग के नाम पर व्यावसायिक कारोबार के लिए भारत से सामान खरीदकर लाने और बार-बार भारतीय बाजार जाकर सामान ढोने वाली पेशेवर तस्करी अब कुछ कम होने लगी है। दो साल पहले भी कुछ कस्टम कार्यालयों में ऐसी व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन नेपाल के स्थानीय लोगों के दबाव के कारण कस्टम विभाग और प्रशासन पीछे हट गए थे।




खास खबर

# दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 28 अप्रैल को



**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 28 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे पुराने सचिवालय में होगा। यह जानकारी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की तरफ से जारी की गई है। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद आठवीं विधानसभा के पांचवें सत्र को बुलाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। विजेंद्र गुप्ता ने यह भी बताया कि उपराज्यपाल ने आठवीं विधानसभा के चौथे सत्र को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। इस औपचारिक आदेश के साथ लंबे समय से चल रहे सत्रों का आधिकारिक समापन हो गया है, जिससे नए सत्र में सुचारू रूप से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने कार्यवाही के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हाल ही में मिली बम धमकियों के मद्देनजर सचिवालय ने पूरे परिसर में सुरक्षा प्रोटोकॉल को काफी मजबूत कर दिया है। सत्र के दौरान सदस्यों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुराने सचिवालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया है।

## दिल्ली के गार्गी कॉलेज में राहुल गांधी का छात्राओं से संवाद, बोले- देश का नेतृत्व करेंगी जेन जी महिलाएं



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज का दौरा कर छात्राओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवा पीढ़ी, खासकर 'जेनरेशन जेड (जेन जी)' की महिलाओं की भूमिका को देश के भविष्य के लिए अहम बताया।राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर करीब 36 मिनट का एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह छात्राओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि गार्गी कॉलेज और दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं से मिलकर उन्हें बेहद अच्छा लगा। आज की युवा पीढ़ी सब कुछ समझती है और देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। संवाद के दौरान उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक पर भी चर्चा की। छात्राओं ने इसे केवल सशक्तिकरण का माध्यम नहीं बल्कि सत्ता के संतुलन को बदलने का जरिया बताया। उन्होंने राजनीति में समानता, सम्मान और भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्राओं ने बातचीत में यह भी कहा कि वे राजनीति में हिंसा, नफरत और पितृसत्ता के बजाय एकता, समानता और सम्मान को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने समाज और राजनीति में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। राहुल गांधी ने छात्राओं की सोच और बेबाकी की सराहना करते हुए कहा कि 'जेनरेशन जेड' की महिलाएं आने वाले समय में देश का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए अवसरों के दरवाजे खोलना समाज और व्यवस्था की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में सुरक्षित है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

## पुलिस ने 13 वर्षीय लापता बच्ची को खोजकर परिवार से मिलवाया

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने 13 वर्षीय लापता नाबालिग बच्ची को खोजकर उसके परिवार से मिलवाया है। पुलिस के अनुसार बच्ची शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र से लापता हुई थी और उसे बेगमपुर इलाके से खोज निकाला गया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि, छह अप्रैल को शाहबाद डेयरी थाने में 13 वर्षीय बच्ची के लापता होने की शिकायत दर्ज हुई थी। बच्ची की उम्र कम होने और उसकी सुरक्षा को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की एएचटीयू टीम ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इंस्पेक्टर मनोज दहिया के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सर्विलांस, फील्ड इंटेलिजेंस और स्थानीय स्तर पर जुटाई गई सूचनाओं के आधार पर सघन तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम ने बच्ची को बेगमपुर इलाके से सुरक्षित खोज लिया। पूछताछ में सामने आया कि बच्ची घर के काम को लेकर मां की डांट से नाराज होकर बिना बताए घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद वह बेगमपुर में अपनी एक दोस्त के पास रह रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची की काउंसलिंग कर उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में संबंधित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में बम विस्फोट का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में इसी साल मार्च में हुए बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान आहिदुल इस्लाम मुल्ला के रूप में हुई है, जो बिजॉयगंज बाजार क्षेत्र का निवासी है। एजेंसी ने उसकी भूमिका की विस्तृत जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया। इस मामले में एक अन्य आरोपित को पहले ही राज्य पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आहिदुल इस्लाम मुल्ला इस साजिश का सह-आरोपित था। वह बम बनाने और सबूतों को नष्ट करने की साजिश में शामिल था। साजिश के तहत बम तैयार किए जा रहे थे, तभी विस्फोट हो गया, जिसमें एक आरोपित की मौके पर ही मौत हो गई।यह घटना दक्षिण बमुनिया गांव में हुई थी, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। एनआईए ने मामले को अपने हाथ में लेकर विस्तृत जांच शुरू की थी। एजेंसी ने बताया कि इस मामले (आरसी-09/2026/एनआईए/डीएलआई) में आगे की जांच जारी है और अन्य आरोपितों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर राहुल ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि चुनाव के बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई यह हत्या बेहद निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की जगह गुंडाराज चल रहा है, जहां विरोधी आवाज़ों को डराने और खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर आधारित नहीं रही है और पार्टी ने हमेशा अहिंसा तथा संविधान के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया है। कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को खोया है, इसके बावजूद पार्टी ने शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों को ही अपनाया है। उन्होंने ताजा मामले में आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को सुरक्षा के साथ उचित मुआवजा देने की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली ऐसी राजनीति के सामने कांग्रेस झुकेगी नहीं और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

# देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, 51.8 लाख एलपीजी सिलेंडर की हुई आपूर्तिः केंद्र

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। पश्चिम एशिया में जारी हालात के बीच केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने बताया कि 25 अप्रैल को देशभर में 51.8 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जबकि कहीं भी गैस एजेंसियों पर कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देश में एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल, डीजल और गैस की अनावश्यक खरीद से बचें और अफवाहों पर ध्यान न दें।मंत्रालय ने बताया कि मार्च 2026 से अब तक लगभग 5.45 लाख पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं, जबकि 2.62 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। साथ ही 42,500 से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएनजी अपनाते हुए एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं। सरकार ने आपूर्ति प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। एलपीजी की मांग को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक ईंधनों जैसे केरोसिन और कोयले की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है।वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को दिया जा रहा है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई गई है। मंत्रालय ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में सख्त कार्रवाई जारी है। बीते दिन 2100 से अधिक छापेमारी की गई, जबकि 310 गैस एजेंसियों पर जुर्माना लगाया गया और 70 एजेंसियों को निलंबित किया गया है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भी सरकार सक्रिय है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब तक 2,764 भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 24 लोग शामिल हैं। 28 फरवरी से अब तक करीब 12.96 लाख यात्री इस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। सरकार ने कहा कि सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और भारतीय जहाजों या नाविकों के साथ किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। विदेश मंत्रालय और अन्य एजेंसियां क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी कर रही हैं।

## बकरा ईद के अवसर पर देशभर में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह - मनोज कुमार जैन

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। निदेशक, भगवान महावीर देशना फाउंडेशन एवं निगम पार्षद (मनोनीत) श्री मनोज कुमार जैन ने केंद्रीय गृह मंत्री Amit Shah को पत्र लिखकर आगामी बकरा ईद के अवसर पर पूरे देश में शांति, सद्भाव और विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का विनम्र अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने भारत की बहु-धार्मिक एवं बहु-सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे संवेदनशील अवसरों पर सभी समुदायों द्वारा आपसी सम्मान, सहिष्णुता और भाईचारे के साथ पर्व मनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भगवान महावीर के "अहिंसा परमो धर्मः" और "जीव दया ही सच्चा धर्म है" जैसे सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए सभी जीवों के प्रति करुणा एवं संवेदनशीलता बनाए रखने की अपील की। श्री जैन ने प्रधानमंत्री Narendra Modi के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यही भावना देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाती है।

# पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास थाना पुलिस ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। आरोपित पहले भी अपहरण और हत्या के एक मामले में शामिल रह चुका है। उत्तर पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने रविवार को बताया कि 22 अप्रैल की देर शाम खजूरी खास थाना क्षेत्र के सोनिया विहार स्थित ए-ब्लॉक में एक महिला पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को 38 वर्षीय महिला गंभीर हालत में घायल मिली, जिसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल महिला का उपचार जारी है।घटना के संबंध में खजूरी खास थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस उपायुक्त के अनुसार तफ्तीश में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि पीड़िता का पति है। इसके बाद इंस्पेक्टर जय प्रकाश मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर कई ठिकानों पर दबिश दी और आरोपित मनोज कुमार (35) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसके और पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी तनाव के चलते उसने गुस्से में आकर पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आरोपित पहले अपहरण और हत्या के एक मामले में भी संलिप्त रह चुका है। पुलिस अब उसके आपराधिक रिकॉर्ड और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन कर सराहना की

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के पहले चरण में 16 देशों के 32 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। इन देशों के प्रतिनिधियों ने देश की चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शी, व्यवस्थित और व्यापक चुनाव प्रणाली की सराहना की।चुनाव आयोग के अनुसार, इन प्रतिनिधियों ने 22 और 23 अप्रैल को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान मतदान केंद्रों, प्रेषण केंद्रों और निगरानी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र का वास्तविक उत्सव बताते हुए रिकॉर्ड मतदाता भागीदारी, सटीक योजना और सुचारु संचालन की प्रशंसा की। दौरे की शुरुआत में प्रतिनिधियों ने प्रेषण एवं वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां मतदान दलों और चुनाव सामग्री की व्यवस्थित आवाजाही को देखा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की पारदर्शी व्यवस्था और चुनावी प्रबंधन को प्रभावी बताया। प्रतिनिधियों ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और जिला स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा और चुनाव संचालन की जानकारी ली। इस दौरान बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा को विशेष रूप से सराहा गया। मतदान दिवस पर प्रतिनिधियों ने प्रारंभिक परीक्षण मतदान प्रक्रिया देखी और इसके बाद विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर वास्तविक मतदान का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हीलचेयर, स्वयंसेवक और शिशु देखभाल जैसी सुविधाओं को समावेशी व्यवस्था का उदाहरण बताया। तमिलनाडु में सुव्यवस्थित और रंग आधारित मतदान केंद्रों तथा न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं की व्यवस्था की सराहना की गई, जबकि पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य जांच सेवाओं और मोबाइल जमा सुविधा जैसे नवाचारों को उपयोगी बताया गया। प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों की शत-प्रतिशत वेब प्रसारण निगरानी व्यवस्था को पारदर्शिता का मजबूत आधार बताया और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता की सराहना की। इससे पहले 8 और 9 अप्रैल को 22 देशों के 38 प्रतिनिधियों ने असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन किया था। इस प्रकार कार्यक्रम के तहत कुल 38 देशों के 70 प्रतिनिधि भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया का निरीक्षण कर चुके हैं।

# पॉश अधिनियम पर जागरूकता फैलाने के लिए संपूर्णा ने प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। संपूर्णा संस्था ने रविवार को नई दिल्ली में पॉश (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण) अधिनियम पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता संपूर्णा की संस्थापिका अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. शोभा विजेंद्र ने की। इस कार्यशाला में 10 चयनित सदस्यों ने भाग लिया, जिन्हें पेशेवर स्वयंसेवकों के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। डॉ. शोभा विजेंद्र ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सम्पूर्णा के भीतर प्रशिक्षित एवं समर्पित पेशेवरों की एक ऐसी टीम तैयार करना है, जो जागरूकता फैलाने और पॉश अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि जागरूकता और उचित प्रशिक्षण के अभाव में यह अधिनियम अक्सर पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाता।डॉ. शोभा विजेंद्र ने प्रतिभागियों को पॉश अधिनियम की पृष्ठभूमि, महत्व एवं उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि हम विशेष रूप से कार्यरत महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं, तो पॉश अधिनियम का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम सत्र में अधिनियम के प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें इसकी पृष्ठभूमि एवं आवश्यकता, जागरूकता एवं क्रियान्वयन में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका, आंतरिक समिति (आईसी) एवं स्थानीय समिति (एलसी) की जिम्मेदारियां और पॉश मामलों को संवेदनशीलता एवं पेशेवर तरीके से संभालने के विषय शामिल रहे। सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में वास्तविक जीवन के पॉश मामलों के उदाहरणों पर भी चर्चा की गई। साथ ही, लाइव स्क्रीन प्रस्तुति ने सीखने के अनुभव को और समृद्ध बनाया।डॉ. शोभा विजेंद्र ने कहा कि इस प्रशिक्षण ने उपस्थित सदस्यों के बीच सार्थक संवाद को प्रोत्साहित किया और इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ किया। उन्होंने कहा कि अगली कार्यशाला का आयोजन 16 मई को किया जाएगा।

## गौहाटी हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पवन खेड़ा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गौहाटी उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुईयां शर्मा की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में गौहाटी उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। गौहाटी उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उन्होंने राजनीतिक लाभ लेने के लिए एक निर्दोष महिला को विवादों में घसीटा। गौहाटी उच्च न्यायालय के पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा को 10 अप्रैल को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को असम पुलिस ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दिया था। दरअसल, असम में एफआईआर दर्ज होने के बाद असम पुलिस ने 7 अप्रैल को दिल्ली स्थित पवन खेड़ा के आवास पर छापा मारा था, लेकिन खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले। ये एफआईआर पवन खेड़ा की ओर से रिनिकी भुईयां शर्मा के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाने के बाद दर्ज की गई थी।


## द्वारका में जन्मदिन पार्टी के बाद खूनी विवादः बात-बात में युवक को गोली मारी, ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय की मौत

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। द्वारका जिले के जाफरपुर कलां थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात जन्मदिन की पार्टी के बाद मामूली कहासुनी खूनी वारदात में बदल गई। सड़क पर खड़े होकर बातचीत कर रहे युवकों के बीच हुए विवाद में एक व्यक्ति ने गोली चला दी। जिससे 21 वर्षीय ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 2:30 बजे अस्पताल से सूचना मिली कि गोली लगने से घायल दो युवकों को भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान पांडव कुमार (21) के रूप में हुई। वह बिंदापुर का रहने वाला था और ज़ोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करता था। वहीं घायल युवक कृष्ण भी बिंदापुर का रहने वाला है और मृतक का मित्र बताया गया है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि जाफरपुर कलां स्थित जफरपुर कलां में रहने वाले रूपेश कुमार के दो वर्षीय बेटे के जन्मदिन की पार्टी आयोजित की गई थी। रूपेश मूल रूप से बिहार के खगड़िया का रहने वाला है और मजदूरी करने के लिए तीन वर्ष पहले दिल्ली आया था। पार्टी में करीब 20 लोग शामिल हुए थे। केक कटने के बाद मेहमान लौटने लगे। करीब दो बजे 13 लोग, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे, मुख्य सड़क पर उबर कैब का इंतजार कर रहे थे। कुछ लोगों के चले जाने के बाद छह लोग स्कूटी और मोटरसाइकिल के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तभी सामने रहने वाला नीरज वहां पहुंचा और समूह से बहस करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर नीरज ने अचानक पांडव कुमार की छाती पर पिस्तौल तानकर गोली चला दी। गोली पांडव की छाती को चीरते हुए पीछे बैठे कृष्ण के पेट में जा लगी। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पांडव को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी नीरज मूल रूप से रोहतक, हरियाणा के बहू अकबरपुर गांव का रहने वाला है और पिछले 15 वर्षों से रावता गांव में अकेला रह रहा है। पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपित दिल्ली पुलिस में कार्यरत है।

## फोटो पत्रकार रघु राय के निधन, मंत्री नेताओं ने जताया शोक

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। फोटो पत्रकार एवं पद्मश्री से सम्मानित रघु राय का रविवार को निधन हो गया। वह दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन पर जानी मानी हस्तियों ने शोक प्रगट किया है। वे 83 साल के थे।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उनकी नजर आम जीवन में भी असाधारण अर्थ खोज लेती थी। उन्होंने अपने कैमरे और तस्वीरों के माध्यम से ऐसी अनगिनत कहानियाँ कहीं, जो आज भी हमारी स्मृतियों में हैं। उनकी तस्वीरों ने भोपाल गैस त्रासदी की भयावहता से हमें झकझोरा। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।केंद्रीय संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उन्होंने फोटोग्राफी की विधा में संवेदना की अनिवार्यता को परिभाषित किया। विश्व को भोपाल गैस त्रासदी के अथाह दर्द से उनके फोटोग्राफ्स ने बिना शब्दों के अवगत कराया। ईश्वर रघु जी की आत्मा को अपनी शरण प्रदान करें। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उन्होंने अपने हृदय और लेंस के माध्यम से भारत की आत्मा को कैद किया और रोजमर्रा के क्षणों को अनमोल रूप से संजोकर फोटोग्राफी के लिए एक नया मानक स्थापित किया। रघु राय के निधन से फोटोग्राफी ने अपने सबसे उत्साही और प्रेरणादायक कलाकार, गुरु और शिष्य को खो दिया है। मैं उन्हें एक अच्छे मित्र और असाधारण उदारता के धनी व्यक्ति के रूप में याद रखूंगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत के अग्रणी फोटोग्राफरों में से एक और पांच दशकों से अधिक समय तक एक प्रखर फोटो पत्रकार रहे रघु राय के निधन से मैं अत्यंत व्यथित हूं। रघु राय का बांग्लादेश मुक्ति युद्ध का सशक्त कवरेज और इंदिरा गांधी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की कई तस्वीरें हमारी सामूहिक स्मृति में अमिट बसी रहेंगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने कहा कि रघु राय जी के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें ही नहीं खींचीं बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आम भारतीयों के सुख-दुख, हर्ष-विषाद, चुनौती-संघर्ष आदि की कहानियों को तस्वीरों में उकेरने वाले दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। रघु राय जी की स्मृतियां उनकी ऐतिहासिक तस्वीरों में सदैव जीवित रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार का बड़ा एक्शनः अब 'एक भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहेगा', 1 मई से चलेगा विशेष नामांकन अभियान

**लोकतंत्र की शान , लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षा के मोर्चे पर बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को उत्तर प्रदेश में मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहेगा। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। पहली मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों और वंचित वर्गों के बच्चों को चिह्नित कर स्कूल से जोड़ा जाएगा। यह अभियान खास तौर पर उन बच्चों पर केंद्रित होगा, जो अब तक शिक्षा की मुख्यधारा से बाहर हैं। दिव्यांग बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने, आरटीई के अंतर्गत लॉटरी के माध्यम से चयनित पात्र बच्चों का आवंटित विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के प्रवेश को बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार ने ड्रॉपआउट और आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति तैयार की है। कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100% ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई बीच में न छूटे और शिक्षा की निरंतरता बनी रहे।

### आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं-आसिफ खां बब्बू

#### टॉपर छात्र-छात्राओं को पूर्व विधायक ने सम्मानित किया

**लोकतंत्र की शान : शाहाबाद हरदोई।** बच्चों के प्रति जितनी जिम्मेदारी उसके मां-बाप की होती है उतनी ही जिम्मेदारी स्कूल की भी होती है। मां बाप जरूरत पूरी करते हैं और अध्यापक उन्हें संस्कार देकर योग्य बनाता है। यह बात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने कही। पूर्व विधायक कैरियर पब्लिक स्कूल में आयोजित हाई स्कूल टॉपर पुरस्कार वितरण समारोह में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा तालीम बहुत जरूरी है। हर मां-बाप को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की अपने बच्चों पर नजर बनाए रखें। कभी कभार स्कूल में जाकर उनकी शिक्षकों से उनकी कार्यशैली के बारे में जानकारी लेते रहें। उन्होंने सलाह दी कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें क्योंकि कभी-कभी टॉपर बच्चे भी अभिभावकों की नजर पैनी न होने की वजह से रास्ते से भटक जाते हैं। और अपना कैरियर बर्बाद कर लेते हैं। उन्होंने कहा बच्चे हमारा फ्यूचर है हमारा कल हैं। इसलिए हमें अपने बच्चों पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली टॉपर छात्रा अवंतिका को एक साइकिल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। द्वितीय टॉपर अपर्णा पांडे और तृतीय टॉपर उन्नति वाजपेई को ट्राफी और 21-21 सौ रूपये चेक का प्रदान किया। इसके अतिरिक्त अदनान, सलोनी देवल, मोहम्मद अयान, अफजा, जुनैरा, सिमरा खान, प्रांजल, सृष्टि, सायरा, आरोही एवं मोहम्मद उमैर को विशिष्ट अतिथि उमेश चौधरी और सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खां ने ट्राफी प्रदान की गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सलीम सिद्दीकी और प्रधानाचार्य परवीन खां ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिवानी त्रिवेदी, दीप्ति त्रिवेदी, रितेश, सलमान सिद्दीकी, शोभित दीक्षित, सुहेल सिद्दीकी, गुलनार, हुमा, भीम सिंह, खुशी गुप्ता, शबनम, अरीबा खान आदि मौजूद रहे।

### अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**लोकतंत्र की शानः हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम लोकपुर मजरा कुसुमा निवासी अवनीश राठौर पुत्र बिजेंद्र कुमार के अनुसार गांव निवासी आदेश कुमार पुत्र शम्भू दयाल ने 24 अप्रैल को उसे फोन कर बहन को मैसेज करने की शिकायत की। उसके द्वारा मैसेज करने से मना कर देने पर विपक्षी ने आपने भाई आशीष और पता शम्भू दयाल के साथ उसे गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने के ग्राम जलालपुर निवासी राजकुमार पुत्र रामरूप के अनुसार 25 अप्रैल को सुबह गांव निवासी सचिन पुत्र रामचरन ने सियाराम पुत्र राजाराम और रामसेवक के साथ मिलकर पुरानी किसी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

### न्यू सनबीम स्कूल विवादः बीएसए ने लिया संज्ञान, जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित

**लोकतंत्र की शान : हरदोई।** शहर के न्यू सनबीम पब्लिक स्कूल में अभिभावक और स्कूल प्रशासन के बीच हुए विवाद के वायरल वीडियो मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने संज्ञान लिया है। बीएसए ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों की कमेटी गठित कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करें और जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जांच टीम वायरल वीडियो की सत्यता, अभिभावक के साथ हुए व्यवहार, विद्यालय की कार्यप्रणाली, कॉपी-किताब खरीद से जुड़े आरोपों तथा स्कूल के मान्यता संबंधी अभिलेखों की भी जांच करेगी। अजीत सिंह ने स्पष्ट कहा है कि यदि जांच में कोई भी तथ्य गलत, नियम विरुद्ध या अभिभावकों के साथ बदसलूकी एवं अभद्र व्यवहार से जुड़ा पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो के बाद यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है और अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है।

# भगवान परशुराम शोभायात्रा में शामिल झांकियो ने मनमोहा

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित पंडित बृजलाल पुरोहित ब्राह्मण धर्मशालासे हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महासभा के संरक्षक सुंदरलाल शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया। इस दौरान जय परशुराम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी इस शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की पालकी के साथ श्री गणेश, शनि देव, राधा-कृष्ण, मां गंगा और शिव-पार्वती परिवार की सुंदर झांकियां शामिल थीं।यात्रा में शामिल भजन मंडलियों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।यह यात्रा शिवाला मंदिर से शुरू होकर सुखदेवी इंटर कॉलेज, पुराना डाकखाना, जामा मस्जिद, रहरा अड्डा, मुख्य बाजार, पंसारा बाजार, इंदिरा चौक और आर्य समाज मंदिर होते हुए पुनः झारखंड महादेव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज अंकुर मलिक पुलिस बल के साथ तैनात रहे। इस धार्मिक आयोजन में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, विवेक कुमार शर्मा, अनुराग शर्मा,अश्विनी शर्मा,मंगल सेन शर्मा एडवोकेट,विशाल शर्मा,महेश चंद्र शर्मा,राहुल शर्मा,कृष्ण कुमार शर्मा,चंद्रप्रकाश शर्मा,संजय शर्मा,चेतन स्वरूप शर्मा,हरिओम शर्मा एडवोकेट,सुनील कुमार शर्मा,बॉबी शर्मा, महिपाल सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से बैटरियां चोरी, दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** शनिवार की देर रात चोरों ने ई रिक्शा की बैटरीयो पर हाथ साफ कर दिया, इन दिनों कोतवाली नगर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताज़ा मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र का है, जहाँ शातिर चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक ई-रिक्शा को निशाना बनाते हुए उसकी कीमती बैटरियां पार कर दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला हैबतपुर बंजारा रोड निवासी सुहेल पुत्र शौकीन की ई-रिक्शा बीती रात उनके घर के बाहर खड़ी थी। रात्रि करीब 11 बजे अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा से दो बैटरियां चोरी कर लीं। पीड़ित को घटना की जानकारी तब हुई जब वह देर रात घर लोटा,जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित सुहेल ने बताया कि चोरी गई दोनों बैटरियों की कीमत लगभग 25 हजार रुपए है। मेहनत की कमाई से खरीदी गई ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी होने से पीड़ित को आर्थिक रूप से काफी नुकसान हुआ है। सुहेल ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।चोरी की



सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस टीम मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जल्द ही चोरों को चिह्नित कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी एंड स्पीड की गारंटीः मुख्यमंत्री

लोक तंत्र की शान

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 17 फॉर्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान किया। मुख्यमंत्री जी ने सभी निवेशकों को सफलतम निवेश की शुभकामना दी और कहा कि आज का दिन प्रदेश के औद्योगिक व स्वास्थ्य सेवा के लिए ऐतिहासिक पड़ाव है। मुख्यमंत्री जी ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश में सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड की गारंटी है। प्रदेश अब ट्रस्ट व टाइमली डिलीवरी के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश हर रिलायबल पॉलिसी पार्टनर के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। हम



200 देशों को सस्ती व गुणवत्तापरक दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। <विगत दिनों हुए फॉर्मा कॉन्क्लेव ने ग्लोबल हेल्थटेक के मैप पर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि आपका निवेश केवल फॉर्मा/मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विश्वास के साथ जुड़ा है। लगभग 2000 करोड़ का निवेश रिसर्च एवं डवलपमेंट में उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायता करेगा। इस निवेश से उत्तर प्रदेश के 10 हजार से अधिक स्किल्ड/अनस्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## बेटियों ने पुलिस ट्रेनिंग में दिया मजबूती, तत्परता समर्पण व अनुशासन का परिचयः सीएम योगी

लोक तंत्र की शान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है। सीएम योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में सीएम ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली।



**कानून अपराधी के लिए कठोर और नागरिकों के लिए संवेदनशील होना चाहिए**-सीएम ने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

## रामपुर में कूड़े के ढेर में जोरदार धमाका कबाड़ी गंभीर रूप से झुलसा, मेरठ रेफर

लोक तंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा

**रामपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के तोपखाना चौकी के पास पूरे शहर का कचरा एकत्र होने से बड़ा कूड़े का ढेर बना हुआ है। इसी कचरे के ढेर में आज सुबह अचानक जोरदार धमाका हो गया, जिससे वहां पन्नी बीन रहे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल युवक पप्पू 40 वर्ष पुत्र अकबर, निवासी अगापुर थाना गंज क्षेत्र, काशीपुर आगे का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पप्पू सुबह कचरे के ढेर पर पन्नी बीन रहा था, तभी अचानक कचरे के अंदर से तेज धमाका हुआ और वह उछलकर दूर जा गिरा। धमाके में पप्पू के दोनों हाथ बुरी तरह जल गए और उसकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हो गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकानों की दीवारें तक हिल गईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। रामपुर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसमें आसपास के लोग बीमार भी हो रहे हैं खास बात तो यह है की कचरा घर के पास सरकारी आवास भी बने हुए हैं और एक सरकारी विद्यालय भी मौजूद है सरकारी विद्यालय के बराबर में ही कचरा घर बना हुआ है प्रदूषण इतना फैला हुआ है गंदगी इतनी है कि दूर-दूर तक बदबू जाती है



स्कूल के बच्चों को भी बहुत परेशानी वह दिक्कतें उठानी पड़ती हैं बच्चों का कहना है कि यहां इतनी बुरी बदबू आती है कि हम बेड भी नहीं पाते हैं मजबूरी में स्कूल आना पड़ रहा है स्कूल की पढ़ाई हमारी छूट जाती है। घटना के बाद आसपास मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर नगर क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान चौकी प्रभारी मनोज कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। पुलिस द्वारा धमाके के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि तोपखाना क्षेत्र में कचरे का ढेर लंबे समय से लगा हुआ है, जिससे आए दिन खतरा बना रहता है। लोगों ने मांग की है कि शहर के कचरे के ढेर को तुरंत हटाकर सुरक्षित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपाइयों ने सुन ध्यान पूर्वक



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** रविवार को पौरुष अग्रवाल मंडल उपाध्यक्ष, भाजपा (हसनपुर, अमरोहा) के आवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रमुख कार्यक्रम"मन की बात" का 133 वां एपिसोड स्क्रीन (LED) के माध्यम से क्षेत्र के प्रबुद्ध कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ध्यान पूर्वक सुना जिसमें प्रधानमंत्री के संबोधन के मुख्य बिंदु किस प्रकार रहे= विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी से सशक्त बनाने का आह्वान,जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर,आत्मनिर्भर भारत के लिए स्थानीय नवाचार एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहन, युवाओं की सक्रिय भागीदारी से राष्ट्र निर्माण पर बल, समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु छोटे-छोटे प्रयासों की प्रेरणा इस अवसर पर मुख्य रूप से मयंक अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष), शिखर अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा), सौरभ गुप्ता (मंडल महामंत्री), ममता शर्मा (मंडल उपाध्यक्ष), धर्मवीर सैनी (बूथ अध्यक्ष), निशि अग्रवाल, विदित अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल एवं अन्य समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना।

## हजरत नगर गढ़ी में सख्त संदेश नए थाना प्रभारी संजय कुमार ने संभाली कमान, "शून्य सहनशीलता नीति" के साथ अपराध पर लगेगी लगाम

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी

**संभलः** जनपद संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी में नए थाना प्रभारी के रूप में संजय कुमार ने कार्यभार ग्रहण करते ही कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। उनके आगमन को पुलिस विभाग में एक मजबूत प्रशासनिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इससे पूर्व वह पुलिस अधीक्षक संभल कार्यालय में जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उनकी कार्यशैली अनुशासन और जिम्मेदारी के लिए जानी जाती रही है। कार्यभार संभालते ही थाना प्रभारी संजय कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में "शून्य सहनशीलता नीति" लागू रहेगी। किसी भी प्रकार का अपराध चाहे वह छोटा हो या बड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। असामाजिक व शरारती तत्वों के खिलाफ



सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में शांति व्यवस्था हर हाल में कायम रखी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने "मिशन शक्ति" अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के अपराध पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी और पुलिस-जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। नए थाना प्रभारी के इस सख्त और स्पष्ट रुख से यह साफ है कि हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में अब कानून व्यवस्था को लेकर कोई ढिलाई नहीं होगी और अपराधियों के लिए सख्त संदेश है कानून से खिलवाड़ अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह में हुआ मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन, आकाश मैन आफ द मैच

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**गजरौलाः** रविवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में श्री साईं हास्पीटल मुरादाबाद इलेवन की टीम ने जुबिलेंट इलेवन को 15 रनों से परास्त कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी आकाश को मैन आफ द मैच का खिताब मिला। रविवार की सुबह सात बजे जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी में स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित 20 ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर श्री साईं इलेवन की टीम खेल मैदान में उतरी। इस टीम के खिलाड़ी विवेक ने अपनी धुंआधार बैटिंग से चौके-छक्कों की झड़ी लगा




दी। इसके बावजूद कप्तान अभिषेक समेत टीम के सभी खिलाड़ी 17 ओवर में 145 रनों पर सिमट गए। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कप्तान मयंक शर्मा के नेतृत्व वाली जुबिलेंट इलेवन की टीम को श्री साईं इलेवन की टीम के जबरदस्त क्षेत्र रक्षण का सामना करना पड़ा। टीम ने 15 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 100 रनों का स्कोर खड़ा कर लिया लेकिन श्री साईं इलेवन की जबरदस्त फील्डिंग और बॉलिंग के सामने टिक नहीं पाई। इस टीम के ओपनर बल्लेबाज नवीन के कैच आउट होने के बाद अरुण और संजीव के भी पवेलियन लौटते ही टीम का हौसला पस्त हो गया। जुबिलेंट इलेवन की टीम निर्धारित 20 ओवरों में ऑल आउट होकर केवल 131 रन ही बना सकी और श्री साईं इलेवन की टीम ने 15 रनों से मैच जीत लिया। विजेता टीम के आकाश ने चार ओवर में 17 रन देकर सात विकेट लिए। उन्हें मैन आफ द मैच घोषित किया गया। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने विनर और रनर टीम के साथ ही मैन आफ द मैच को भी पुरस्कृत किया। मैच के स्कोरर महेंद्र मौर्य, धीरज एवं एम्पायर सुमित, मौसम सिन्हा रहे। इस मौके पर जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा, श्रम विभाग के सेवानिवृत्त चिकित्सक डा.उमाशंकर दीक्षित, अनुपम सिंह, डा,नितिन राय, सुनील तिवारी, विष्णु राणा, उदय राणा, आशु, जॉनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 35 ग्राम स्मैक के साथ 3 तस्कर अरेस्ट, बरांटी थाना क्षेत्र में कार्रवाई, जंदाहा-बिदुपुर मार्ग से पकड़े गए

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के बरांटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने 35.34 ग्राम स्मैक/ब्राउन शुगर के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 25 अप्रैल 2026 की शाम को जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास की गई। वैशाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार सघन वाहन जांच अभियान और छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत यह सफलता मिली है। 25 अप्रैल की शाम को बरांटी थाना को सूचना मिली थी कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर जंदाहा के रास्ते बिदुपुर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महुआ, संजीव कुमार ने किया, जिसमें बरांटी थानाध्यक्ष, दंडाधिकारी और एसटीएफ के सदस्य शामिल थे। गठित टीम ने जोगी बाबा स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर एक सफेद रंग की कार को रोका। कार में सवार तीन मादक पदार्थ तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रविशंकर कुमार (पिता- कपिलदेव ठाकुर, निवासी चेचर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली), कुंदन कुमार (पिता- नरेश राय, निवासी दाउदनगर, थाना- बिदुपुर, जिला- वैशाली) और राखी देवी उर्फ राखी जायसवाल (पति- मुन्ना कुमार, निवासी व थाना- मोतिहारी) के रूप में हुई है। अंधेरे का फायदा उठाकर एक अन्य व्यक्ति भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस संबंध में राजापाकड़ (बरांटी) थाना में कांड संख्या 206/26 दर्ज कर तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे सिलचर से अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे। उन्होंने मादक पदार्थ बेचने के स्थानों और अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

### भगवानपुर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ एक को पकड़ा, रात की गश्त के दौरान हुई गिरफ्तारी

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रात की गश्त के दौरान हुई, जिससे एक संभावित आपराधिक घटना को टाल दिया गया। सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि सब इंस्पेक्टर नथनी ठाकुर अपनी टीम के साथ कल रात गश्त पर थे। प्रतापताड़ चौक के पास उनकी नजर एक संदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी, जो अपनी बाइक खड़ी कर सड़क किनारे बैठा था। पुलिस को देखते ही वह व्यक्ति बाइक स्टार्ट कर तेजी से भागने लगा, जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शशि सिंह उर्फ गुड्डू कुमार बताया, जो गरौल थाना क्षेत्र के पोझा गांव का निवासी है। पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ उसकी तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल में मैगजीन लगी थी, लेकिन उसमें कोई कारतूस नहीं था। पूछताछ में शशि सिंह ने बताया कि वह लूटपाट करने के इरादे से वहां रुका हुआ था। एसडीपीओ गोपाल मंडल ने आगे बताया कि संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर इस व्यक्ति को अपराध करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना टल गई। भगवानपुर थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, और गिरफ्तार अभियुक्त शशि सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### वैशाली के बिदुपुर में छात्रा गंगा में डूबी, स्नान के दौरान हादसा, नौवीं कक्षा में पढ़ती थी

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गंगा नदी में स्नान के दौरान एक 14 वर्षीय किशोरी डूब गई। यह घटना रामदौली बालू घाट पर हुई, जब किशोरी अपनी मां के साथ घरेलू पर्व के अवसर पर स्नान कर रही थी। जहांगीरपुर नया टोला निवासी अरविंद कुमार सिंह की पुत्री आलिया कुमारी उर्फ परी स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई। स्थानीय लोगों ने उसे बचाने के लिए गंगा नदी में छलांग भी लगाई, लेकिन वह तुरंत गहरे पानी में समा गई। घटना की सूचना मिलते ही घाट पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। बिदुपुर थाना पुलिस और डायल 112 के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को घटना की जानकारी दी। हालांकि, सूचना मिलने के तीन घंटे बाद भी एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। आलिया कुमारी अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। दो सप्ताह पहले ही आलिया की बड़ी बहन की शादी हुई थी।

### हिस्ट्रीशीटर ने महिला को धमकाया, '5 लाख लो, बेटी दो', मुजफ्फरपुर में शादी के लिए दबाव बनाया

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में हिस्ट्रीशीटर ने महिला पर पांच लाख रुपए लेकर बेटी की शादी कराने का जबरन दबाव बनाया। महिला के इनकार करने पर आरोपी ने न सिर्फ फायरिंग की, बल्कि परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना साहेबगंज थाना क्षेत्र के बंगरा निजामत गांव की है। पीड़ित महिला के अनुसार, 15 अप्रैल को पहाड़पुर मनोरथ निवासी जयप्रकाश तिवारी ने फोन कर पांच लाख रुपए लेने और बेटी की शादी उससे कराने की बात कही। जब इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो अगले दिन आरोपी तीन-चार लोगों के साथ स्कॉर्पियो से उसके घर पहुंच गया।बेटी को जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। हालांकि गांव के लोग जुट गए, जिसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने बताया कि 18 अप्रैल को आरोपी फिर घर के सामने आया और पिस्टल से करीब पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया। इस दौरान परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। डर अपने भाइयों को बुलाया। उन्होंने आरोपी से बात करने की कोशिश की। इस दौरान एक भाई के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सीने की हड्डी टूट गई। इस मामले में महिला ने साहेबगंज थाने में आरोपी जयप्रकाश तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है । आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### हाजीपुर में युवक का शव पंखे से लटका मिला

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिघी कला पूर्वी पचकुरवा मोहल्ले में शनिवार सुबह एक युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान 38 वर्षीय गौतम कुमार मिश्रा के रूप में हुई है, जो औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत हिलालपुर निवासी स्वर्गीय रंजीत कुमार मिश्रा के पुत्र थे। वर्तमान में वह दिघी कला पूर्वी पचकुरवा में रह रहे थे और अपने छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि उन्हें एक व्यक्ति द्वारा फंदे से लटककर जान देने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर युवक का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक के स्वजनों ने बताया कि वे गौतम को नशा करने से मना करते थे, जिस कारण अक्सर घर में विवाद होता था। इस वजह से गौतम मानसिक तनाव में रहते थे। शनिवार सुबह जब उनकी पत्नी चाय बनाने गई थीं, उसी दौरान गौतम ने अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। इस घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, हालांकि मृतक के परिवार वालों की ओर से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 10 साल की बच्ची से रेप और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## पटना में पहचान छिपाने के लिए लोढ़ी से सिर कुचला, कंबल में लपेटकर फेंकी डेड बॉडी

लोकतंत्र की शान, पटना



पटना में छठी क्लास की छात्रा (10) की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को रोशनी की डेड बॉडी मिली थी। हत्या का आरोपी उसका पड़ोसी ही निकला है। पटना पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए रविवार को SSP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की, लेकिन वो अपने मंसूबे में नाकाम नहीं हुआ तो लोढ़ी (मसाला पीसने वाला सामान) से बच्ची का सिर कुचलकर मार डाला। आरोपी ने हत्या करने के बाद दिनभर बॉडी को अपने कमरे में रखा और देर रात शव को कंबल में लपेटकर तालाब में फेंकने जा रहा था, तभी उसे पुलिस की गश्ती गाड़ी दिखी तो गली में ही फेंककर आरोपी अपने कमरे में आ गया।

23 अप्रैल यानी बुधवार की सुबह बच्ची दूध लेकर लौट रही थी। उस वक्त आरोपी ने बच्ची को बहलाकर अपने कमरे में ले गया। फिर आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद किया तो बच्ची चिल्लाने लगी। इसी दौरान आरोपी ने लोढ़ी से सिर पर हमला कर दिया, जिसमें बच्ची की मौत हो गई। मौत के बाद आरोपी ने डेड बॉडी को अपने बेड के नीचे छिपा दी। फिर देर रात में शव फेंकने जा रहा था। तभी पुलिस की गाड़ी दिखी तो वह गली में ही डेड बॉडी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने रंजीत के कमरे से लोढ़ी, खून से सना तकिया, दीवार पर लगे खून के छींटे, दूध वाला केन बरामद किया है।

हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद रंजीत सबूत मिटाने में जुट गया था। कुछ सामान कूड़ेदान के आसपास फेंक भी दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया। इसके बाद पुलिस एक्टिव होकर जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंची।

**डॉग स्क्वायड की मदद से पहुंची पुलिसः** पुलिस के मुताबिक, कूड़ेदान से बच्ची का सामान और खून के छींटे मिले। इसके बाद डॉग स्क्वायड की टीम ने खून के निशान का पीछा किया और दरिंदा के घर तक पहुंची। तकनीकी तड़ताल से भी पड़ोसी दरिंदा पर शक गहरा गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**घर से 500 मीटर दूर मिली थी लाशः** बच्ची का अपहरण 23 अप्रैल की सुबह हुआ और उसी दिन उसकी हत्या कर दी गई। अगले दिन 24 अप्रैल यानी गुरुवार की सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर एक गली में कंबल में लिपटी उसकी लाश मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को कई सुराग मिले। शव मिलने वाली जगह से करीब 200 मीटर दूर कचरे के ढेर से बच्ची की चप्पल, खून से सना फुल पैंट, रुमाल और चादर बरामद की गई। वहीं, शव मिलने के बाद गुरुवार को गुस्साए परिजन और स्थानीय लोगों में पटना-फतुहा सड़क जाम कर दिया था और टायर जलाकर हंगामा किया।

# पटना मेट्रो 27 अप्रैल को रहेगी बंद

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। 27 अप्रैल को पटना मेट्रो की सेवाएं आम जनता के लिए पूरी तरह बंद रहेंगी। इस दिन कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम निरीक्षण के लिए पटना आ रही है। CMRS की मंजूरी मिलने के बाद ही मेट्रो अगले चरण में आगे बढ़ेगी और खेमनीचक व मलाही पकड़ी तक संचालन का रास्ता साफ होगा। इस निरीक्षण के बाद 28 अप्रैल मंगलवार से फिर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा बहाल कर दी जाएगी।

**CMRS करेगा सुरक्षा और तकनीकी जांचः** CMRS की टीम भूतनाथ से मलाही पकड़ी स्टेशन तक मेट्रो लाइन का निरीक्षण करेगी। इस दौरान ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म की सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद उद्घाटन की तारीख तय होगी। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) की टीम को मार्च में ही आने वाली थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वो पटना नहीं पहुंची। CMRS की हरी झंडी मिलने के बाद ही आगे मेट्रो दौड़ेगी। 26 फरवरी को भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी लंबी दूरी पर पहला ट्रायल रन किया गया था। पटना मेट्रो पहली बार शहर के अंदर दौड़ी थी। इसमें ब्रेकिंग सिस्टम, सिग्नलिंग, ट्रैक, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेशन समन्वय और संचार व्यवस्था, आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच की गई थी।



**भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक सीएमआरएस करेगी निरीक्षण**

# धीमी रफ्तार में अटका राजस्व महाअभियान, रैयतों में बढ़ी मायूसी

लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जिले में चल रहे राजस्व महाअभियान की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है, जिससे रैयतों के बीच निराशा का माहौल बन गया है। सरकार द्वारा इस अभियान की शुरुआत लोगों की जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जानकारी के अनुसार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण तथा अन्य संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 16 अगस्त से 25 सितंबर 2025 तक घर-घर जाकर जमाबंदी पंजी संधारण एवं आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया गया था। इसके बाद पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर भी आवेदनों का संग्रह किया गया। हालांकि, लाखों की संख्या में जमा हुए आवेदनों का समय पर निष्पादन नहीं हो पाया। कई आवेदक अब भी अपने आवेदन की स्थिति को लेकर असमंजस में हैं। विभागीय सुस्ती और तकनीकी समस्याओं के कारण आवेदन लंबित पड़े हुए हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रैयतों का कहना है कि अभियान से उन्हें काफी उम्मीदें थीं कि उनकी जमीन से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान होगा, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही है। कई मामलों में तो आवेदकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि सभी प्राप्त आवेदनों को विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है और उनके निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। हड़ताल और अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्य प्रभावित हुआ है, लेकिन जल्द ही सभी लंबित मामलों का समाधान कर लिया जाएगा। फिलहाल, राजस्व महाअभियान की धीमी गति ने लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है और प्रशासन के सामने इसे गति देने की चुनौती खड़ी हो गई है।

# पालीगंज में तेज रफ्तार ट्रक ने बच्चे को कुचला, सड़क पार करते समय हुई मौत

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल में नेशनल हाइवे 139 पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना पालीगंज थाना क्षेत्र के महबलीपुर स्थित भेड़हरिया इंग्लिश गांव के ब्रह्मस्थानी के पास की है। मृतक की पहचान बिंदा चौधरी के पुत्र अनुराग कुमार (5) के रूप में हुई है। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पिता को देखकर सड़क पार कर रहा था बच्चाः** मृतक के पिता बिंदा चौधरी ने बताया कि वे अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए अरवल ले जा रहे थे। सड़क के दूसरी ओर खड़ी उसकी मां और बेटा उन्हें देखकर सड़क पार करने लगे। इसी दौरान अरवल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बच्चे को कुचल दिया।



**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जामः** घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने NH-139 को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने के बाद जाम हटवाया।

**ट्रक जब्त, चालक हिरासत मेंः** पालीगंज थाना पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**♦ गुस्साए परिजनों ने किया एनएच-139 जाम**

**स्थानीय लोगों का आरोप—पुलिस नहीं बरत रही सख्तीः** स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र से गुजरने वाले इस हाइवे पर दिन में भी भारी वाहन तेज गति से चलते हैं। पुलिस द्वारा सख्ती नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। साथ ही, सड़क की खराब हालत भी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बताई जा रही है। लगातार हो रहे हादसों के बाद स्थानीय लोग प्रशासन और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# पटना यूनिवर्सिटी के डिजिटल स्टूडियो में लेक्चर होंगे रिकॉर्ड, हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार

लोकतंत्र की शान, पटना




पटना यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डिजिटल स्टूडियो तैयार किया गया है। पिछले हफ्ते ही इसका उद्घाटन हुआ था। अब इसमें काम शुरू कर दिया गया है। इस डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से क्लास के दौरान टीचर अपने लेक्चर को रिकॉर्ड कर सकेंगे। इसके साथ ही लेक्चर को यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड भी किया जाएगा। इस डिजिटल लैब में हर दिन कम से कम दो वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए जाएंगे।


**लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयारः** इस डिजिटल लैब में लेक्चर रिकॉर्डिंग के लिए हर विभाग से शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है। टीचर अपनी टाइमिंग के अनुसार लेक्चर रिकॉर्ड करेंगे। इस डिजिटल स्टूडियो के बनने के बाद अब तक तीन वीडियो लेक्चर रिकॉर्ड किए गए हैं। रिकॉर्डेड लेक्चर में फिलहाल जियोलॉजी, फिजिक्स और गणित विभाग की ओर से लेक्चर रिकॉर्ड किया गया है। इस रिकॉर्ड किए गए लेक्चर को जल्द ही यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर अपडेट किया जाएगा।

**हर विद्यार्थी को मिलेगा शिक्षकों के लेक्चर का लिंकः** इस डिजिटल लैब के संचालन के लिए टीम बनाई गई है। वीडियो को वेबसाइट पर शेयर करने के लिए एडिटिंग प्रोसेस जारी है। इससे संबंधित विषय के विद्यार्थियों को बार-बार पढ़ने और सुनने का मौका मिलेगा। हर विद्यार्थी विभिन्न विषय के शिक्षकों के लेक्चर का लिंक भी दिया जाएगा, जिससे उनकी तैयारी बेहतर हो सके। आगे यूनिवर्सिटी स्तर पर किए जाने वाले रिसर्च को डिजिटल स्टूडियो से जोड़ा जाएगा।

# पटना जू में जानवरों के लिए लगे 17 कूलर-11 एसी, चिपांजी पी रहा नारियल पानी

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना में भीषण गर्मी का असर जानवरों पर भी पड़ रहा है। हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए पटना जू ने जानवरों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नाईट हाउस में 17 कूलर के साथ 53 फैन लगाए गए हैं, ताकि सामान्य तापमान बना रहे। अजगर-कोबरा के सेल में एसी लगी है। सांपघर, निशाचरघर, मछलीघर में कुल 11 एसी लगाए गए है। जानवरों को ग्लूकोज, मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां दी जा रही है। बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगे हैं। वहीं तेंदुआ, लकड़बग्घा, स्मॉल कैट, हिमालयन भालू, स्लॉथ बियर, चिम्पांजी, हुलॉक गिब्बन भी कूलर और फैन की हवा खा रहे हैं। सभी नाईट-हाउस के सेल में और छत पर पानी से छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जानवरों को गर्मी महसूस न हो। वहीं, नाईट हाउस में रह रहे भालू, टाईगर, आदि जानवरों के शरीर पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। भालू गर्मी से राहत के लिए झरने में नहा रहा है। पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर और मिस्ट फॉगर के इंतजाम किए गए हैं। पक्षियों के बाड़े में पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। एमू, ऑस्ट्रिच के इंक्लोजर में फाउंटेन लगाए गए है। कर्मचारी जानवरों की 24 घंटे निगरानी कर रहे है। डॉक्टर भी रूटीन चेक-अप से मॉनिटरिंग करते रहते हैं। खाने में शाकाहारी जानवरों को ठंडे फल दिए जा रहे हैं। मांसाहारी वन्यजीवों के अपचता को ध्यान में रखते हुए उनके आहार की मात्रा कम की गई है। चिपांजी को नारियल पानी, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा, केला, दही-भात, अनार का रस, अंगूर और संतरा जैसे रसदार फल दिए जा रहे है। वहीं, भालू को आहार में नारियल पानी, तरबूज, ककड़ी, खीरा, संतरा, मौसमी फल, दही, चपाती, खीर दिए जा रहे है।



**ग्लूकोज-मल्टीविटामीन और लू से बचने की दवाइयां भी दी जा रहीं**

# पटना में पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

लोकतंत्र की शान, पटना



पटना के सचिवालय थाना अंतर्गत रहने वाले एक पुलिसकर्मी ने खुदकुशी कर ली है। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान BSAP 1 में पोस्टेड रिजर्व गार्ड के हवलदार नवराज सुनार के तौर पर हुई है। यह घटना शनिवार देर रात लगभग 11 बजे की है। पुलिस के मुताबिक, नवराज सुनार बीमारियों के चलते तनाव में चल रहे थे। इसी तनाव में आकर उन्होंने खुदकुशी कर ली।

**3-4 बीमारियों से ग्रसित था हवलदारः** फंदे से बॉडी उतार कर FSL से पूरे कमरे की जांच कराई गई है। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए IGIMS भेजा गया। वहीं, इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को भी दे दी गई है। पटना पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने खुदकुशी की है। शव का IGIMS में पोस्टमार्टम कराया गया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पोस्टमार्टम के दौरान उनके सहकर्मी और गोरखा बटालियन के जवान मौजूद रहे। खबर लिखे जाने तक परिजन पटना नहीं आए थे।

**सुसाइड नोट में बीमारी का जिक्रः** एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि कल रात उन्होंने सुसाइड कर लिया। जिस जगह पर उन्होंने सुसाइड किया, वहां से बीमारी से संबंधित सुसाइड नोट मिले हैं। जिसमें उन्होंने बीमारी के बाद होने वाली परेशानी के बारे में बताया है। दूसरा सुसाइड नोट नेपाली भाषा में है। जिसे अपने परिवार के लिए लिखा है। फिलहाल पोस्टमार्टम करा लिया गया है। बॉडी उनके पैतृक गांव नेपाल भेजी जा रही है।

# भामाशाह के आदर्श आज भी प्रासंगिकः संजय सरावगी

लोकतंत्र की शान, पटना

भारतीय जनता पार्टी बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ द्वारा आज दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभागार में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके जीवन और उनके आदर्शों को याद किया।

बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह योगदान उस समय अत्यंत महत्वपूर्ण था और आज भी राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च मिसाल के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि शूरवीर भामाशाह का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति उनका अतुलनीय योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्शों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज को उनके विचारों और मूल्यों की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के साथ करें।




उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए पंचायती राज प्रकोष्ठ की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हम आने वाली पीढ़ी को देश के महापुरुषों के बारे में बता सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेश कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू , लोजपा(आर) के राष्ट्रीय व्यापर प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक वर्मा, और उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश नंदन प्रदेश संयोजक, पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी प्रिंस राज राजू, डॉ. मनीष सिंह, मंटू गुप्ता, हरे कृष्ण, अखलेश भी मौजूद रहे। इससे पहले दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना स्थित भामाशाह पार्क (पुनाईचक पार्क) में उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद , दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद, विधायक लाल बाबू प्रसाद सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनानगर में विवाहिता की मौत पति पर प्रताड़ना के आरोप

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर शहर के रामपुरा कॉलोनी क्षेत्र में एक विवाहिता की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति पर मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 28 वर्षीय प्रीति पत्नी राहुल शर्मा के रूप में हुई है, जो दो बच्चों की मां थी। जानकारी के अनुसार, करीब दस दिन पहले ही दंपती ने अपनी शादी की दसवीं वर्षगांठ मनाई थी। मृतका की मां उत्तरप्रदेश निवासी मीना देवी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका कहना है कि पति अक्सर मारपीट करता था और किसी अन्य महिला से बातचीत को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था। परिजनों के अनुसार, घटना से एक रात पहले प्रीति ने फोन कर अपनी मां को बताया था कि उसके साथ मारपीट की गई है और वह बेहद परेशान है। अगले दिन ससुराल पक्ष की ओर से सूचना मिली कि उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। प्रीति को गंभीर अवस्था में अंबाला के मुलाना अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि या तो उसे जबरन जहर दिया गया या लगातार मानसिक उत्पीड़न के चलते उसने यह कदम उठाया। मृतका के भाई ने भी पति पर अवैध संबंधों और उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। वहीं, पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी के अनुसार, एफएसएल टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### फतेहाबाद : चार दिन से लापता युवक का शव नहर से बरामद

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद।** फतेहाबाद में पिछले चार दिन से लापता युवक का शव रविवार को फतेहाबाद ब्रांच नहर से मिला है। मृतक की पहचान टोहाना निवासी राजेश सैनी पुत्र धर्मपाल सैनी के रूप में हुई है। शव के साथ ही नहर से मृतक का लाल रंग का मोटरसाइकिल लोडिंग रिक्शा भी बरामद हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गहन तफ्तीश शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने मृतक के परिजनों के ब्यान दर्ज किए। मिली जानकारी के अनुसार, राजेश सैनी बीते 22 अप्रैल 2026 की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि फतेहाबाद ब्रांच नहर में एक अज्ञात शव तैरता हुआ देखा गया है। सहारा टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और समाज सेवी नवजोत सिंह ढिल्लों को सूचित किया गया। नवजोत सिंह ढिल्लों अपनी सहारा रेस्क्यू टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। टीम ने भारी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला। तलाशी के दौरान नहर के अंदर से ही मृतक का लोडिंग रिक्शा भी बरामद किया गया। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। युवक की मौत और नहर में वाहन मिलने से मामला उलझ गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह कोई सडक़ हादसा था, आत्महत्या थी या फिर इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शुरुआती साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने सहारा रेस्क्यू टीम के त्वरित कार्य की सराहना की है, वहीं प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाई जाए।

### पंजाब सरकार ने सुरक्षा वापस ली, अब हरभजन सिंह भज्जी के साथ रहेंगे सीआरपीएफ के जवान

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने वाले राज्य सभा सांसदों के विरूद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को पंजाब सरकार ने क्रिकेटर एवं राज्य सभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी को दी गई पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस ले ली। इसके कुछ समय बाद ही उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से सीआरपीएफ की सुरक्षा प्रदान कर दी गई। भज्जी से पहले पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा भी वापस ली थी। हरभजन सिंह को पंजाब सरकार की तरफ से बतौर राज्य सभा सांसद वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस होने के कुछ समय बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी। उनके घर के बाहर ये जवान तैनात कर दिए गए हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने गत दिवस हरभजन सिंह के भी आम छोडऩे का दावा किया था। भज्जी ने अभी तक खुलकर इस बारे में कुछ नहीं बोला है।इस बीच पंजाब से राज्य सभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने रविवार को एक चैनल से बातचीत में दावा किया कि उन्होंने कभी भी आम आदमी पार्टी को ज्वाइन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आम सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल ने उनसे इस्तीफा मांगा था लेकिन सलाहकारों से बातचीत के बाद उन्होंन इस्तीफा नहीं दिया। पंजाब इस समय आईसीयू में है। इसे बचाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग की जरूरत है। उधर चंडीगढ़ में पहुंचे आप के राज्य सभा सांसद संत बलवीर सिंह सीचेवाल ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि राघव चड्ढा ने आजाद ग्रुप बनाने की बात कहकर मुझे 16, 17 और 18 अप्रैल को चाय पर बुलाया था, लेकिन मैं वहां नहीं गया। मैंने उन्हें किसी तरह का आजाद ग्रुप बनाने या उसमें शामिल होने से मना कर दिया था।

# थानों में जनसंवाद एवं त्वरित समस्या समाधान कल से

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के निर्देशानुसार रीवा जोन के अंतर्गत आने वाले सभी 6 जिलों के 77 थानों एवं 64 पुलिस चौकियों में जन चौपाल आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह एक निर्धारित दिवस पर आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 28 अप्रैल मंगलवार से की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला सीधी में डीआईजी हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में जनता की समस्याओ का त्वरित निराकरण, पुलसिंग में पारदर्शिता एवं प्रभावी कार्यप्रणाली तथा पुलिस व जनता के बीच और विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन कर आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जावेगा जो 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को सायं 4 बजे




से 6 बजे तक जिले के समस्त 12 थानो एवं 7 चौकी क्षेत्रों में एक साथ समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आम जनता को सामुदायिक पुलसिंग के लिये किये जा रहे कार्य के संबंध में बताया जायेगा तथा जनता अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं में अवैध नशे कोरेक्स, गांजा आदि के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, महिला संबंधी अपराधों पर विशेष सुनवाई, साइबर अपराधों से बचाव एवं शिकायत समाधान, स्थानीय स्तर की जन-समस्याओं का त्वरित निराकरण, आमजन को अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक करना, जन चौपाल के माध्यम से पुलिस अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी एवं परिणामकारी बनाया जा सके।

## पवन लोधी अपनी बीवी बच्चों को छोड़ दूसरी शादी अपने भाभी से रच रहा है रोका जाए

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

**कटनीः** ग्राम रैपुरा निवासी रोशनी लोधी पिता लल्लू पति पवन लोधी की शादी दिनांक 26 जून 2015 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार रैपुरा में संपन्न हुई थी दोनों के बीच एक बेटी को जन्म दिया पर पवन को खुशी रनह आई उसे लड़का चहिए फिर भी दोनों साथ मे रहते थे 5 सालों तक साथ में रहे इसके पश्चात लड़का का मोह वादविवाद आए दिन होता रहा एक दिन विवादक दतुम लड़का पैदा नहीं कर सकती इसी बात विवाद के चलते पवन के दारा घर से निकाल दिया मैं इधर-उधर भटकती रही पिछले कई बार थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टा मेरी आंखों के सामने धमकी देने लगा मैं दूसरी शादी कर रहा हूं तुमसे जो कुछ करते बनेत और शादी भी किससे कर रहे हैं अपनी भाभी से मैं दुखी होकर मानसिक तनाव में घीर गई इससे पूर्वमे खाने में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं जिस पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई पवन जानकारी अनुसार 30 तारीख को विवाह रचा रहा है पुलिस प्रशासन को चाहिए एक पत्नी के रहते हिंदू रीति शादी पहले कर चुका है है फिर भी दूसरी शादी कैसे कर सकता है ऐसी जानकारी अपनी सगीभाभी से विवाह रचा रहा है 14.2026 को पवई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कार्यवाही के लिए इस विवाह को रोकना अति आवश्यक है क्योंकि रोशनी लोधी की 4साल की बेटी जिसके चलते बच्चेका का भविष्य खराब हो जाएगा ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन केदारा कार्रवाई करें अन्यथा लड़की की जिदगी खराब होजाएगी रोशनीलोधी ने जिला प्रशासन सेम जोग की है

## कलेक्टर ने 'संकल्प कोचिंग' में विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन, टाइम मैनेजमेंट और सकारात्मक सोच पर जोर

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने जिले में संचालित 'संकल्प कोचिंग' में पहुंचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें सफलता के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति के साथ अध्ययन करने की सलाह दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट का महत्व समझाते हुए कहा कि सीमित समय में अधिकतम तैयारी के लिए समय का सही विभाजन बेहद जरूरी है। उन्होंने अध्ययन, पुनरावृत्ति और टेस्ट प्रैक्टिस के लिए संतुलित समय तय करने पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक माइंडसेट बनाए रखने की सीख देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और धैर्य ही सफलता की कुंजी हैं। कठिन परिस्थितियों में भी निराश न होकर लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मैप (Map) के व्यवस्थित उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि भूगोल एवं समसामयिक घटनाओं को समझने के लिए मानचित्र का नियमित अभ्यास अत्यंत उपयोगी है, जिससे विषयों की बेहतर समझ विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कलेक्टर से अपने प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और व्यावहारिक तरीके से समाधान किया। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करने एवं सफलता के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

## पटवारी बनकर बुजुर्ग महिला के घर से उड़ाए लाखों के जेवरात

» बहरी थाना के कुशियारी गांव का मामला

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** पटवारी बनकर एक युवक द्वारा घर में मौजूद अकेली बुजुर्ग महिला को रेलवे का 10 लाख रुपए मुआवजा दिलाने के नाम पर लाखों के जेवरात एवं 15 हजार रुपए नकदी पार कर दिए गए। जेवर एवं नकदी गायब होने पर बुजुर्ग महिला जब संबंधित युवक के पीछे दौड़ी तो वह बाइक में रफूचक्कर हो गया। यह मामला बहरी थाना अंतर्गत कुशियारी गांव का सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता लखराजू शुक्ला पति जगदीश प्रसाद शुक्ला उम्र 75 वर्ष द्वारा बहरी थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विगत 22 अप्रैल को मेरे पति निमंत्रण में चले गए थे। घर पर वह अकेली थी, शाम करीब 5 बजे एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आया जो हेलमेट पहने हुए था। घर के बाहर मोटर साइकिल खड़ी कर मेरे पास आया और बोला कि मैं कुशियारी का पटवारी हूं। आपका रेलवे का 10 लाख का मुआवजा आया है। आप मुझे 500 रुपए दे दीजिए तो आपका मुआवजा पास करा दूंगा। यह सुनकर बुजुर्ग महिला कमरे के अंदर पैसा लेने गई तो पीछे-पीछे उक्त व्यक्ति भी पहुंच गया। बुजुर्ग महिला बरनी के अंदर से 500 रुपए निकालकर उस व्यक्ति को दे दिए। महिला का ध्यान दूसरी तरफ भटकाते हुए उक्त व्यक्ति द्वारा बरनी के अंदर रखा पर्स जिसमें 15 हजार रुपए थे। उसके साथ ही जेवरातों को भी चुरा लिया।

### यह जेवरात हुए चोरी

जेवरातों में सोने का मंगलसूत्र एक नग, सोने का चैन एक नग, सोने का झुमका एक नग, सोने की मोहर 3 नग, सोने का फेरबा एक नग, सोने की तीन लॉकेट पार कर दिया गया। इसके बाद महिला को चोरी की भनक लगी तो वह जल्द घर से बाहर निकली लेकिन तब तक आरोपी मोटर साइकिल से भाग गया था। कुछ समय के अंदर ही महिला के पति भी आ गए तो उन्हें भी जानकारी दी गई। पति द्वारा तत्काल अपने लडक़े रामकृष्ण शुक्ला को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। काफी खोजबीन की गई फिर भी अज्ञात व्यक्ति का सुरग नहीं मिली। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(2), 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पटना बिहार के बच्चेआररिया तालीम के लिए जा रहे थे 12 दिन बाद165 मदरसे के बच्चों को रात बच्चों को मिली आजादी स्पेशल ट्रेन में दो कोच लगा कर दी गई बिदाई

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी :** बिहार अररिया जा रहे 165 बच्चों को विगत 12 दिन पहले कटनी स्टेशन में CWC,GRPF,RPF ने मानव तस्करी के शक की बुनियाद पर 165 मदरसे के बच्चों को डिटेन कर लिया था कल रात बच्चों को मिली आजादी स्पेशल ट्रेन में दो कोच लगा कर दी गई बिदाईआरोप निकले बे बुनियाद ,अब्दुल कादिर ख़ान मेंबर ऑफ़ जमीयत उलेमा हिन्द जबलपुर जन परिषद चैप्टर ढीमरखेड़ा ने बताया है की GRPF,CWC,RPF ने बिना किसी ठोस सबूत के बच्चों को पकड़ा जबकि उनके पास सभी दस्तावेज मौजूद थे, इस कार्यवाही को उन्होंने गैर जिम्मेदाराना और आ संवैधानिक बताया है ,भोपाल जमीयत उलमा हिन्द सदर मोलना मुफ्ती मोहम्मद अहमद ख़ान साहब दारूल उलूम ताजुल मस्जिद भोपाल व जबलपुर जमीयत उलेमा हिन्द सदर मोलना इक़बाल साहब ,इस मामले में कार्रवाई की मांग की है ,वहीं अब्दुल कादिर ख़ान ने इसे इस्लामिक शैक्षणिक संस्थानों मदरसों में हमला जैसे बताया है । सीएमओ कार्यालय बिहार व DGP बिहार को भी कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है । और इस घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी की है ,इसमें कार्यवाही के लिए आश्वासन भी मिला हैं , वहीं पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर कटनी बचते नज़र आए ,अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के भी आरोप लगे 11 अप्रेल को 165 बच्चे शिक्षा प्राप्त करने बिहार पटना अररिया से लातूर नादेड़ महाराष्ट्र जा रहे थे ,कल बच्चों की बिदाई में सभी की आंखे नम दिखी , अब्दुल कादिर ख़ान ने बताया शहर भर के समाज सेवियों ने रातो दिन बच्चों की फिक्र की है और उन्हें दुआ आशीर्वाद उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है वहीं मदद करने वालों का आभार व्यक्त किया है, अंजुमन इस्लामिया सदर कैश अहमद साहब सुरु दिन से बच्चों के लिए फ़िक्र मंद दिखे व प्रशासन की जाँच प्रक्रिया में सहयोग किया , मारूफ़ हनफ़ी,सैयद तारिक हुसैन ज़ाकिर हुसेन बच्चों की विवस्थाओं में पूरा सहयोग किया अकील सिद्दीक़ी ,अब्दुल अहद मोहम्मद महबूब आधिवक्ता मोहम्मद सहीद पत्रकार मीडिया कर्मी ज़ाहिद हुसेन सिद्दीकी असलम ख़ान व सहयोगी मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे और और पूरे घटना क्रमका प्रकाशन करते रहे बिदाई,समाजसेवियों ने नास्ता व अन्य सामग्री के साथ बच्चों को दी बिदाई,लेकिन सवाल अब भी बाक़ी है अब्दुल क़ादिर ख़ान ने बताया ये मामला जल्द कोर्ट में भी उठाया जाएगा और ज़िम्मेदारी तय की किये बिना किसी ठोस सबूत के इस तरह की कार्रवाई न्याय व्यवस्था सवाल है।

## यमुनानगरः टायर प्लांट में भीषण आग से हजारों क्विंटल स्टॉक खाक

लोकतंत्र की शान



**यमुनानगर।** यमुनानगर के मुकारमपुर गांव स्थित एक टायर प्लांट में आग से हजारों क्विंटल स्टॉक नष्ट हो गया।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों के प्रयास के बाद सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि प्लांट में रखा भारी मात्रा में टायरों का स्टॉक पूरी तरह जल गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आसपास के कुछ खेत भी आ गए। प्लांट मालिक के अनुसार, इकाई 21 अप्रैल से बंद थी और केवल श्रमिक परिसर में मौजूद थे। रविवार अलसुबह कर्मचारियों ने स्टॉक क्षेत्र में आग देखी, जो देखते ही देखते विकराल रूप ले गई। श्रमिकों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मालिक ने आरोप लगाया कि दमकल को सूचना देने के बावजूद राहत दल को मौके पर पहुंचने में विलंब हुआ, जिससे नुकसान बढ़ गया। वहीं, दमकल कर्मियों का कहना है कि सूचना मिलते ही टीमें रवाना कर दी गई थीं और आग की तीव्रता के कारण कई गाड़ियों की आवश्यकता पड़ी।बताया गया है कि आग में करीब 8 हजार क्विंटल टायर नष्ट हो गए, जबकि एक ट्रैक्टर भी इसकी चपेट में आ गया। प्लांट के मशीनरी हिस्से के सुरक्षित रहने को लेकर मालिक ने घटना में साजिश की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

## खून के रिश्ते पर खून का वार, मामूली विवाद ने ली जानलेवा शक्ल, बड़े भाई का फावड़ा बना कहर

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी/रीठी।** रिश्तों की गरिमा को तार-तार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना रीठी थाना क्षेत्र के परेवागार गांव से सामने आई है, जहां मामूली सी कहासुनी ने ऐसा भयावह रूप ले लिया, जिसमें बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई के खून से हाथ रंग लिए। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच एक साधारण बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। लेकिन यह विवाद कुछ ही पलों में आवेश, अहंकार और गुस्से की आग में बदल गया। हालात इतने बिगड़ गए कि बड़े भाई ने रिश्तों की सारी मर्यादा लांघते हुए फावड़ा उठाया और छोटे भाई के सिर पर जानलेवा वार कर दिया। वार इतना जोरदार था कि युवक का सिर फट गया और वह मौके पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। इस खौफनाक मंजर को देखकर गांव में अफरा तफरी मच गई, हर कोई सन्न रह गया, आखिर कैसे एक भाई ही अपने भाई का दुश्मन बन गया? सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायल युवक को तत्काल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है,डॉक्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है, पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

**रिश्तों पर सवाल,समाज के लिए चेतावनी**-यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि समाज के लिए एक कड़ा संदेश है, जब इंसान गुस्से में अपनी सोच खो देता है, तो वह अपने ही खून के रिश्तों को भी नहीं पहचानता।

**सोचिए**-जिस भाई के साथ बचपन बीता, उसी पर जानलेवा हमला, क्या यही हमारे रिश्तों की सच्चाई बनती जा रही है?

**प्रेरणा और सीख**-गुस्सा पल भर का होता है, लेकिन उसका अंजाम जिंदगीभर का जख्म बन जाता है। जरूरत है संवाद की, संयम की और रिश्तों को बचाने की क्योंकि टूटे रिश्ते कभी पहले जैसे नहीं जुड़ते।

## बारात घरों की पार्किंग स्टैंड बनी मुख्य सड़कें

» टाउन एण्ड कंट्री प्लान के गाइड लाइन की अनदेखी,
» न पार्किंग की सुविधा न स्वच्छता की व्यवस्था

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** नगर का तेजी से विकास तो हो रहा है और ऊंची ऊंची इमारतें भी तन रहीं हैं लेकिन सीधी नगर का विकास आज भी गैर नियोजित ढंग से ही हो रहा है। नगर विकास का नक्शा तय करते हुए वर्षों पूर्व टाउन ऐण्ड कंट्री प्लान कार्यालय ने कालोनियों के विकास, व्यवसायिक परिसरों तथा सडक़ों के निर्माण के समय आवश्यक प्रावधानों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था और गाइड लाइन तय की थी। लेकिन उसके प्लान पर आज तक प्रशासन व नगर पालिका ने गंभीरता से नहीं लिया। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय ने भी समय-समय पर स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए जरूरी प्रावधान बतलाए थे और पालन करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कहीं पालन होता दिखाई नहीं देता। इसका एक उदाहरण नगर में संचालित होने वाले लगभग तीन दर्जन बड़े होटल और बरात घर ही हैं। जहां एक रात में लाखों रुपए का कारोबार तो किया जाता है लेकिन शासकीय प्रावधानों का पालन नहीं किया जाता है। इनमें से कुछ तो पंजीकृत भी नहीं हैं। जहां न पर्याप्त जगह है और न पर्याप्त व्यवस्थाएं। फिर भी भरकम किराया वसूल रहे हैं। इसका एक कारण यह भी है कि शहर में सामुदायिक भवनों का अभाव है। हैरानी की बात यह है कि इनके विरुद्ध न तो जिला प्रशासन कड़े कदम उठाता है और न नगरपालिका ही सघन अभियान चला रही है। सुना तो यहां तक जाता है कि नगरपालिका कर्मचारियों की बरातघर संचालकों से सांठ-गांठ है और वे उनसे कमीशन लेते हैं। होटल के साथ संचालित होने वाले बरात घरों में अधिकांश की स्थिति ऐसी है मुख्य मार्गों के किनारें संचालित हो रहे हैं और जिनमें वाहनों के पार्किंग करने की कोई सुविधा नहीं है। जबकि टाउन ऐण्ड कंट्री कार्यालय द्वारा इसे आवश्यक माना गया था और नगर विकास योजना में इस बात का उल्लेख भी किया गया था। लेकिन प्रशासन और नगर पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। स्थिति यह है कि बरात के समय यहां बहुत अधिक भीड़ जमा हो जाती है मेन रोड का आवागमन अवरुद्ध होता है। बारात के कारण घंटो सडक़ पर नाच गाना भी चलता है। इसलिए परेशानी बढ़ जाती है। बरात घरों के मुख्य मार्गों के किनारे होने पर आवाजाही की भीड़ के बीच बराती आतिशबाजी करते हैं।जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के विदेश जाने पर रोक




**काठमांडू।** अखिल नेपाल फुटबॉल एसोसिएशन (एन्फा) के अध्यक्ष पंकज विक्रम नेमबांग सहित सभी 24 अधिकारियों के पासपोर्ट को काली सूची में डालकर इन सभी के विदेश भ्रमण पर रोक लगा दी गई है। आप्रवासन विभाग के अनुसार शुक्रवार को एन्फा के 24 अधिकारियों के पासपोर्ट को ब्लैकलिस्ट में रखने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। यह पत्र नेपाल के युवा तथा खेलकूद मंत्रालय के माध्यम से गृह मंत्रालय पहुंचा था। इसके बाद गृह मंत्रालय से आप्रवासन विभाग को पत्र भेजे जाने पर एन्फा पदाधिकारियों के पासपोर्ट रविवार को ब्लैकलिस्ट में डाल दिए गए। इससे पहले नेपाल के राष्ट्रीय खेलकूद परिषद ने एन्फा से जुड़े मामलों की जांच के लिए कार्यकारी सदस्य कमल भट्टराई के संयोजकत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। खेलकूद परिषद के सदस्य भट्टराई के अनुसार जांच समिति ने आर्थिक मामलों की जांच के तहत नेमबांग सहित अन्य पदाधिकारियों के पासपोर्ट को ब्लैकलिस्ट में रखने के लिए पत्राचार किया था। आप्रवासन विभाग ने कहा कि यदि ब्लैकलिस्ट में शामिल कोई व्यक्ति विदेश जाने की कोशिश करता है, तो आप्रवासन विभाग संबंधित निकाय को इसकी जानकारी देगा।

### जम्मू क्षेत्र के पांच जिलों में लू का अलर्ट, कश्मीर में हल्की बारिश की संभावना

**जम्मू।** मौसम विभाग ने रविवार को जम्मू क्षेत्र के पांच जिलों के लिए लू का अलर्ट जारी किया। अगले पांच दिनों तक केंद्र शासित प्रदेश के बाकी हिस्सों में मौसम सुहाना रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान जम्मू, कठुआ, सांबा, रियासी और उधमपुर जिलों में गर्म और शुष्क मौसम जारी रहने की संभावना है और 26-27 अप्रैल को कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। अधिकारी ने कहा कि लोगों को पीक आवर्स के दौरान गर्मी के संपर्क में आने से बचना चाहिए और उन्हें हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी। कश्मीर में अगले 48 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना के साथ मौसम सुहावना और शुष्क रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 और 28 अप्रैल को शाम के समय कई स्थानों पर तेज़ हवाओं या ओलावृष्टि के साथ कई स्थानों पर हल्की बारिश या गरज के साथ एक या दो बार बारिश हो सकती है। इसके अलावा 29 और 30 अप्रैल को मौसम आम तौर पर शुष्क रहेगा। कश्मीर में अधिकतम तापमान 17-22 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि पिछली रात न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया था।

### पेट्रोल पम्प से 55 हजार की चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**कोंड़ागांव।** जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकेश पेट्रोल पम्प केशकाल के आफिस में रखे 55 हजार रूपये एवं एक मोबाईल फोन को चोरी के आरोपति गोपाल थापा उर्फ गोपाल साउत निवासी जगदलपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपति के कब्जे से चोरी की रकम 9120 रूपये व एक नग मोबाइल जब्त कर कार्यवाही उपरांत आज रविवार को न्यायिक रिमांड पर रवाना किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी थाना केशकाल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 अप्रेल को चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर थाना में बीएनएस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चोरी की अज्ञात आरोपी का पता तलाश करने टीम रवाना किया गया। विवेचना दौरान पुलिस पार्टी के द्वारा अज्ञात आरोपति का पता तलाश किया गया। पता तलाश दौरान तकनीकी संसाधनों के माध्यम से आरोपति गोपाल थापा उर्फ गोपाल निवासी शांति नगर जगदलपुर को चोरी के संबंध में पूछताछ कयिा गया। पूछताछ करने पर आरोपति द्वारा मुकेश पेट्रोल पम्प केशकाल के आफिस में घुसकर ड्राज में रखे 55 हजार रूपये एवं एक नग रियलमी कम्पनी का मोबाईल फोन को चोरी करना स्वीकार किया।



### आरटीईः योगी सरकार की सख्ती का असर, महज चार दिनों में 15,679 नामांकन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत नामांकन को लेकर योगी सरकार की सख्ती अब सीधे नतीजों में बदलती दिखाई दे रही है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के कड़े निर्देश और स्पष्ट चेतावनी के बाद महज चार दिनों में ही पूरे प्रशासनिक तंत्र की रफ्तार बदल गई है और नामांकन प्रक्रिया ने तेज गति पकड़ ली है। आरटीई के अंतर्गत आवंटित सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने को लेकर शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए और जहां भी लापरवाही मिलेगी, वहां सीधे कार्रवाई की जाएगी। इसी सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गरीब और वंचित बच्चों के लिए कुल 1,95,740 आवंटनों के सापेक्ष अब तक 1,24,545 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 63.6 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल तक यह संख्या 1,08,866 थी, लेकिन सख्त निर्देशों के बाद चार दिनों में 15,679 नए नामांकन जुड़ गए, जो लगभग 14.4 प्रतिशत की तेज बढ़त को दर्शाता है। यह उछाल बताती है कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जमीन पर असर दिखाने वाली कार्यशैली है। अब हर जिले में अधिकारी लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटे हैं और जवाबदेही स्पष्ट हो गई है। योगी सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नामांकन को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि समयबद्ध लक्ष्य हासिल करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अवैध नशीली दवाइयों के 480 कैप्सूल के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जिले के बोधघाट थाना के पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, इंडस्ट्रियल एरिया नयामुंडा में तीन युवक एक स्कूटी में सवार होकर अवैध नशीली दवाइयों की बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा। पूछ-ताछ में उन्होंने अपना नाम सुजीत विश्वकर्मा (34 वर्ष), सुरेश कुमार नाग (40 वर्ष) और लोकेश्वर राव (20 वर्ष) बताए, जो जगदलपुर के अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। तलाशी लेने पर आरोपितों के पास से 60 पत्ते, यानी 480 कैप्सूल बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 92 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा 680 रुपये नगद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि, तीनों आरोपित मिलकर अवैध रूप से नशे का कारोबार कर रहे थे। आरोपितों के पास से बरामद सामग्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(C) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। 26 अप्रैल को आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। बस्तर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# ईंधन आपूर्ति सामान्य, 51.8 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्तिः केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी हालात के बीच केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने बताया कि 25 अप्रैल को देशभर में 51.8 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जबकि कहीं भी गैस एजेंसियों पर कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देश में एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल, डीजल और गैस की अनावश्यक खरीद से बचें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

मंत्रालय ने बताया कि मार्च 2026 से अब तक लगभग 5.45 लाख पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं, जबकि 2.62 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। साथ ही 42,500 से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएनजी अपनाते हुए एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं। सरकार ने आपूर्ति प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। एलपीजी की मांग को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक ईंधनों जैसे केरोसिन और कोयले की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है।




वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को दिया जा रहा है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई गई है। मंत्रालय ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में सख्त कार्रवाई जारी है। बीते दिन 2100 से अधिक छापेमारी की गई, जबकि 310 गैस एजेंसियों पर जुर्माना लगाया गया और 70 एजेंसियों को निलंबित किया गया है।

पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भी सरकार सक्रिय है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब तक 2,764 भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 24 लोग शामिल हैं। 28 फरवरी से अब तक करीब 12.96 लाख यात्री इस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। सरकार ने कहा कि सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और भारतीय जहाजों या नाविकों के साथ किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। विदेश मंत्रालय और अन्य एजेंसियां क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी कर रही हैं।

## गुरुग्रामः मुख्यमंत्री ने एनएच-48 पर देखी सफाई, अशोक विहार में नाले का निरीक्षण

**एजेंसी, गुरुग्राम**

गुरुग्राम में रविवार को श्रमिकों के सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम शहर में अलग-अलग स्थानों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सुबह एनएच-48 और दोपहर को अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस से भाजपा कार्यालय गुरुकमल जाते हुए एनएच-48 की सर्विस लेन पर अपना काफिला रूकवार सफाई, हरियाली व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में नागरिकों की सुविधा से जुड़ी किसी सेवा में कमी नहीं रहनी चाहिए। वे लगातार नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक ले रहे है और स्वयं निरीक्षण कर जायजा लेंगे। उन्होंने सडक़ों के किनारे हरियाली व शहर के विभिन्न पार्कों के उचित रखरखाव करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने रविवार की दोपहर अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप से गुजर रही लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने लेग-2 ड्रेन के गंदे पानी को साफ करने के प्रयासो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए इस ड्रेन की सफाई निरंतर होनी चाहिए तथा इसके पानी के नियमित रूप से सेंपल लिया जाए। साथ ही ड्रेन के दोनों किनारों की सफाई कर इसका सुदृढ़ीकरण भी किया जाए। इस अवसर पर डीसी उत्तम सिंह, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया, सीपी विकास अरोड़ा व जीएमडीए और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



**बोले, नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में नहीं होनी चाहिए कोई कमी**

## बलोचिस्तान में बीएलएफ का पाकिस्तान के सैन्य काफिले पर हमला

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

देश के बलोचिस्तान प्रांत में आजादी समर्थक विद्रोह संगठन बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) के हमले में पाकिस्तान के दो सैन्य अधिकारियों की जान चली गई। इन अधिकारियों के काफिले का सैन्य पूरी तरह नष्ट हो गया। बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर घोरम बलोच ने मीडिया को जारी बयान में यह जानकारी दी। हालांकि सेना ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बीएलएफ प्रवक्ता घोरम बलोच ने कहा कि 25 अप्रैल को खुजदार के जावाह इलाके में विद्रोही लड़ाकों ने शिविर बदल रहे सैन्य अधिकारियों काफिले पर रिमोट कंट्रोल बम (आईईडी) से विस्फोट कर दिया। इससे सैन्य वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया। इस हमले में वाहन में सवार दो अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।



उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियान में, लड़ाकों ने 24 अप्रैल को नुश्की के मिल इलाके में स्थित पुलिस स्टेशन पर हमलाकर उस पर कब्जा कर लिया और वहां के संचार उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया। प्रतिरोध करने वाला एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। इसके अलावा 24 अप्रैल को ही खारान शहर में सेना के मुख्यालय पर ग्रेनेड लॉन्चरों से हमला किया।

इससे एक दिन पहले 23 अप्रैल को बीएलएफ के लड़ाकों ने खुजदार क्षेत्र के जावाह में क्वेटा-कराची मुख्य राजमार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया। तीन घंटे तक राजमार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी की गई।

# रिफाइनरी में आग, साइबर अटैक की आशंका, ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स हाईजैक तो नहीं हुए

**एजेंसी, बाड़मेर**

देश की सबसे आधुनिक और हाईटेक बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी में 20 अप्रैल को लगी आग के बाद सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हैं। इस हादसे को 'साइबर अटैक' से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियां इस एंगल पर भी जांच को आगे बढ़ा रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त रिफाइनरी के ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स को बाहर से 'हाईजैक' कर लिया गया होगा। सुरक्षा एजेंसियां अब रिफाइनरी के डिजिटल लॉग्स और डेटा को खंगाल रही हैं।

एक्सपर्ट्स यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या किसी बाहरी आईपी एड्रेस (IP Address) ने सिस्टम में सेंध लगाने की कोशिश तो नहीं की थी? उधर, आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। HPCL ने कहा- विस्तृत जांच से प्रारंभिक आकलन की पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे केवल 6 एक्सचेंजर और उनसे संबंधित सहायक उपकरण प्रभावित हुए। आग का कारण वैक्यूम रेजिड्यू एक्सचेंजर की इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव है। अगले 3-4 सप्ताह में मरम्मत का काम पूरा होने की संभावना है। CDU के मई 2026 के दूसरे पखवाड़े में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियां और बालोतरा पुलिस पूरी तरह एक्टिव मोड में है। सूत्रों के मुताबिक, रिफाइनरी के 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाली दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को सुरक्षा कारणों से हटाया जा सकता है। दावा है कि यहां दिनभर भीड़ रहती है, जो सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा है।



**♦ एचपीसीएल ने कहा- प्रेशर गेज पॉइंट से रिसाव के कारण हादसा हुआ**

**बिना अनुमति प्रवेश पर रोकः** इलाके में रहने वाले सभी किराएदारों और मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन शुरू कर दिया गया है। बिना अनुमति किसी भी बाहरी व्यक्ति का रिफाइनरी परिसर में प्रवेश पूरी रोक दिया गया है।

**PM की सभा के लिए बने डोम को एजेंसियों ने घेरे में लियाः** रिफाइनरी में आग पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक 20 घंटे पहले लगी थी। पीएम 21 अप्रैल को इसका उद्घाटन करने वाले थे। सभा के लिए बनाए गए 3 विशाल डोम को हटाने का काम सुरक्षा एजेंसियों ने रुकवा दिया है। माना जा रहा है कि एजेंसियां इन डोम के आसपास से फॉरेंसिक सबूत जुटाना चाहती हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आग तकनीकी खामी थी या कोई सोची-समझी साजिश।

# मप्र और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना : मोहन यादव

**कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से पार्वती-काली सिंध-चंबल अंतरराज्यीय परियोजना (पीकेसी) को स्वीकृति मिली है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। यह प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजस्थान के कोटा जिले के ग्राम रींछी में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्य प्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता-पिता मिलते हैं। उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मैंने अपने बेटे का विवाह सादगीपूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं सम्हाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्य प्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है।

राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मध्य प्रदेश को भाई-भाई मानते हैं। दोनों राज्यों की सरकारों ने सामूहिक प्रयास किया और आज पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी परियोजना पर कार्य हो रहा है। पीकेसी परियोजना से मध्य प्रदेश के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा।


राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को सामूहिक विवाह में शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। यदुवंशी समाज धर्म के मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ने वाला समाज है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है। कार्यक्रम में अनेक संत-वृंद, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## इजराइल के गाजा हमले में चार की मौत लेबनान में पर्चे गिराकर दी चेतावनी

**एजेंसी, गाजा पट्टी/बेरूत**

गाजा और लेबनान के लोग इजराइल के हमलों से जूझ रहे हैं। आज सुबह गाजा पर हुए इजराइली हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। साथ ही इजराइल ने लेबनान में पर्चे गिराकर लोगों को चेतावनी दी है। लेबनान के साथ सैन्य विराम के बीच इजराइल लगातार हिजबुल्लाह के ठिकानों और आतंकवादियों को निशाना बना रहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि एक हवाई हमले में अल-मुगराका के मध्य गांव के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इजराइली गोलीबारी और गोलाबारी में गाजा शहर के पास दो अन्य लोग मारे गए। इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में 40 साल की एक महिला को गोली मार दी। बाद में इस महिला की मौत हो गई।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में कम से कम 72,587 लोग मारे जा चुके हैं। अक्टूबर 2025 में संघर्ष विराम होने के बाद भी हमले थमे नहीं हैं। उधर, इजराइल ने लेबनान के टायर जिले के गांवों में पर्चे गिराए हैं। इन पर्चों में लोगों को आवाजाही के प्रति आगाह किया गया है। इजराइल की सेना ने कहा कि लोग दक्षिण की तरफ मत जाएं। वहां हिजबुल्लाह पर हमले किए जा रहे हैं। लेबनान के मजरात बैत अल-सियादा, मजदल जून, जिबकिन, यातार, सारबिन, हदाथा, बैत याहून, चाकरा, मजदल सलाम, कब्रीहा, फरौन, अल-वक्कार अल-ग़र्बी, याहमुर अल-शकीफ, अरनौन, देइर मिम्मास, मरजायौन, एबेल अल-साकी, कफर शूबा, अल-मारी, ऐन किन्या और ऐन अता गांवों में पर्चे गिराए गए हैं। इन पर्चों में ग्रामीणों को लितानी नदी क्षेत्र, सलहानी घाटी और अल-सलक़ूकी के पास जाने से भी मना किया गया है।



## ममता दीदी ने किसानों के साथ किया अन्याय : अमित शाह

**एजेंसी, तेहट्ट (नादिया)**

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए उन पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। नदिया जिले के तेहट्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के मतदाताओं ने पहले चरण के मतदान में दीदी का सफाया कर दिया है। पहले चरण की 150 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 110 सीटें जीतने जा रही है। बाकी काम दूसरे चरण में पूरा किया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी ने इस क्षेत्र के लहसुन किसानों को धोखा दिया है। देश के बाकी हिस्सों में लहसुन 200 टका प्रति किलो बिकता है। लेकिन बांग्लादेश से आने वाले नकली चीनी लहसुन के कारण, लहसुन किसानों को केवल 12 टका प्रति किलोग्राम मिलता है। भाजपा सरकार के दौरान चीनी लहसुन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और किसानों को उनके उत्पादित लहसुन का मूल्य 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगा। अमित शाह ने कहा, मैं माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि यहां कमल की सरकार बनाएं। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि मई महीने से प्रत्येक दीदी के बैंक खाते में तीन हजार रुपये जमा किये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बंगाल के सभी बेरोजगार युवाओं के खाते में भी 3000 की राशि हर माह जमा करेगी और हम हर गर्भवती मां को उसके बच्चे की देखभाल के लिए 21 हजार रुपये दिए जाएंगे।

# छग में एनटीपीसी सीपत के 7.19 करोड़ के सीएसआर कार्यों का हुआ लोकार्पण, अब उन्नत तकनीक से होंगी जांच

**एजेंसी, बिलासपुर/रायपुर**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने रविवार को बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) सीपत ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लगभग 7.19 करोड़ रुपये की लागत से विकसित चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस पहल के तहत शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) को उन्नत उपकरणों और सुदृढ़ आधारभूत संरचना की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। इसके तहत शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एनटीपीसी सीपत की लगभग 4.27 करोड़ रुपये की सहायता से स्थापित अत्यधुनिक रक्त केंद्र, माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला, हार्मोन लैब तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित माइक्रोस्कोपी सुविधा का उद्घाटन किया गया। यह रक्त केंद्र छत्तीसगढ़ का अपनी तरह का पहला अत्यधुनिक ब्लड बैंक है, जिसमें उन्नत तकनीक से युक्त विश्वस्तरीय मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे जांच और उपचार सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर में लगभग 2.92 करोड़ रुपये की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व राशि से खरीद की गई मशीनों का भी लोकार्पण किया गया। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन सीपत और सिम्स के मध्य उपकरणों के हस्तांतरण से संबंधित औपचारिक दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी किया गया। इस सहायता से सिम्स के लगभग आठ विभागों के लिए कुल 26 आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनमें हाई-एंड कलर डॉप्लर, ऑटोमैटिक केमिल्यूमिनेसेंस प्रणाली, हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी), सी-आर्म मशीन, ऑपरेशन थिएटर टेबल, डेंटल चेयर, मॉर्चुरी फ्रीजर, एमओ2 फ्रैक्शनल लेजर सिस्टम तथा एसीटी मशीन शामिल हैं। मुख्य अतिथि तोखन साहू ने एनटीपीसी सीपत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में इस प्रकार का सहयोग छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक ब्लड बैंक, उन्नत प्रयोगशालाएं और आधुनिक उपकरण मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे।



**♦ बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती**

# वैभव सूर्यवंशी के मुरीद हुए कमिंस बोले- मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी...



**जयपुर, एजेंसी।** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक डेब्यू नहीं किया है। लेकिन, आईपीएल और अंडर-19 और भारत ए के लिए खेलते हुए अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर पूरी दुनिया में अपने प्रशंसक बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभाल रहे पैट कमिंस सूर्यवंशी के नए फैन बॉय बन गए हैं।

### सनराइजर्स के खिलाफ वैभव ने जड़ा था शतक

आईपीएल 2026 में शनिवार को शाम का मुकाबला जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। राजस्थान के लिए पारी की शुरुआत करने आए वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों पर शतक लगा दिया। वैभव ने 37 गेंदों की अपनी पारी में 12 छक्के और पांच चौके लगाते हुए 103 रन की पारी खेली। इसी पारी की बदौलत राजस्थान 228 रन बना सकी। सनराइजर्स ने पांच विकेट पर 229 रन बनाकर नौ गेंद शेष रहते हुए मैच पांच विकेट से जीत लिया।सनराइजर्स ने बेशक मैच जीत लिया था, लेकिन वैभव ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम के कप्तान पैट कमिंस को अपना फैन बना लिया। कमिंस ने कहा, वैभव मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना काफी शानदार और मनोरंजक है। वह बहुत शानदार है। उनके करियर की शानदार शुरुआत हुई है और उन्हें बहुत आगे जाना है। उनमें अकेले दम पर मैच छीन लेने की क्षमता है।

### कमिंस ने खेला पहला मैच

पैट कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़े, सफल और सम्मानित कप्तान के रूप में जाने जाते हैं। उनकी प्रशंसा वैभव के लिए निश्चित रूप से उत्साहजनक है। कमिंस ने शनिवार को आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेला। उनकी टीम में मौजूदगी ने निश्चित तौर पर सनराइजर्स की गेंदबाजी को मजबूत किया है। राजस्थान के खिलाफ कमिंस ने चार ओवर में मात्र 27 रन देकर कप्तान रियान पराग का विकेट लिया था।

## केएल राहुल का रिकॉर्ड शतक बेकार

दिल्ली कैपिटल्स को केएल राहुल की नाबाद 152 रन की शानदार पारी के बावजूद आईपीएल के एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार झेलनी पड़ी। कैपिटल्स ने 264 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन खराब फील्डिंग का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।पंजाब किंग्स ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के 76 रन और कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद 71 रन से 265 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज करते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया।




## चोटिल एनगिडी के लिए एकजुट हुआ IPL परिवार, फ्रेंचाइजियों ने की 'स्पीडी रिकवरी' की दुआएं

**नई दिल्ली।** आईपीएल मुकाबले के दौरान चोटिल हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के जल्द स्वस्थ होने की कामना अब सिर्फ उनकी टीम ही नहीं, बल्कि पूरी लीग की फ्रेंचाइजियां कर रही हैं। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में हुई इस घटना ने क्रिकेट जगत को चिंता में डाल दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दुआओं का सिलसिला शुरू हो गया।



### कैसे हुआ हादसा?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान तीसरे ओवर में यह हादसा हुआ। मिड-ऑफ से दौड़ते हुए कैच लेने की कोशिश में एनगिडी संतुलन खो बैठे और गिरते समय उनके सिर का पिछला हिस्सा जमीन से जोर से टकरा गया। चोट इतनी गंभीर थी कि तुरंत फिजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा।

तुरंत मिला इलाज, एंबुलेंस से अस्पताल रवाना
मेडिकल टीम ने एहतियातन उनके गले में नेक ब्रेस लगाया और स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि इलाज के दौरान वह होश में थे और डॉक्टरों से बातचीत भी कर रहे थे।

दिल्ली पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर- स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। भारी ट्रैफिक के बावजूद एनगिडी को महज 11 मिनट में अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका।

## मुश्किल समय में अल्कारेज को मिला नडाल और सिनर का साथ, चोट के कारण फ्रेंच से हटने को हुए थे मजबूर

**नई दिल्ली।** कलाई की चोट की वजह से फ्रेंच ओपन 2026 से अपना नाम वापस लेने वाले स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को टेनिस जगत के दिग्गजों का समर्थन मिला है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल और मौजूदा समय में अल्कारेज के सबसे बड़े प्रतियोगी यानिक सिनर ने इस मुश्किल समय में



अल्कारेज का समर्थन किया है। राफेल नडाल ने सोशल मीडिया के जरिए अल्कारेज का मनोबल बढ़ाया।

**नडाल बोले- भरोसा है अल्कारेज जल्द वापसी करेंगे** - नडाल ने लिखा कि ऐसे कठिन समय खिलाड़ी की असली ताकत को सामने लाते हैं और उन्हें भरोसा है कि अल्कारेज जल्द ही पहले से भी मजबूत होकर वापसी करेंगे। नडाल का यह संदेश टेनिस समुदाय में काफी सराहा जा रहा है, क्योंकि दोनों खिलाड़ियों के बीच खास रिश्ता माना जाता है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर ने भी अल्कारेज के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि टेनिस को अल्कारेज जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है, क्योंकि उनके होने से खेल और रोमांचक बनता है।

## भारतीय महिला टीम ने यूक्रेन पर हासिल की जीत

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।




**सिंधू को दिया आराम-** उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

## बैडमिंटन में हुआ बड़ा बदलाव, अब 15×3 स्कोरिंग सिस्टम से होंगे मैच

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन मैच अब 21म3 नहीं, बल्कि 15म3 स्कोरिंग सिस्टम से खेले जाएंगे। मैच अब 21-21 के तीन गेम की जगह 15-15 के तीन गेम खेले जाएंगे। इस नए स्कोरिंग सिस्टम पर शनिवार को डेनमार्क के होर्सेन्स में बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारी बहुमत से मुहर लगा दी गई। बैठक में पेश प्रस्ताव को मतदान में 198-43 के अंतर से पारित किया गया है। नया सिस्टम चार जनवरी, 2027 से लागू किया जाएगा।

**बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष ने किया स्वागत-** बीडब्ल्यूएफ का तर्क है कि नए सिस्टम से खेल में हाई प्रेशर मूवमेंट जल्दी आएंगे और रोमांचकता बढ़ जाएगी। बैडमिंटन में 21 प्वाइंट वाला मौजूदा प्रारूप साल




2006 में लागू किया गया था। इस प्रारूप में मैच लगातार 45 मिनट से 100 मिनट तक खिंच रहे थे, जिससे प्रसारक नाराज थे। उनकी मांग थी कि पांचों सेगमेंट (पुरुष और महिला एकल, युगल और मिश्रित) के मुकाबले तीन घंटे के भीतर खत्म होने चाहिए। बीडब्ल्यूएफ की अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वाड्ट्राकुल ने कहा कि यह फैसला बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक अहम मील का पत्थर है।

### ये होंगे प्रमुख बदलाव

- 60 सेकेंड का मिडगेम ब्रेक 11वें के बजाय 8वें प्वाइंट पर होगा।
- दो गेम के बीच के ब्रेक की अवधि 120 सेकेंड रखी जाएगी।
- 15 प्वाइंट पर पहुंचकर खिलाड़ी को दो प्वाइंट का अंतर बनाना होगा।
- प्वाइंट्स की अधिकतम सीमा 30-29 के बजाय अब 21-20 होगी।

# व्यापार

## एसबीआई से रेलवे की आईआरएफसी तक...6 शेयर पर एक्सपर्ट ने कहा-सोमवार को खरीद लेना

**मुंबई, एजेंसी।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवर को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी हलचल हो सकती है। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। इस माहौल के बीच कुछ शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। ये शेयर- इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्प यानी आईआरएफसी, पॉलीकैब इंडिया, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, कोल इंडिया और ग्रासिम हैं। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के सीनियर मैनेजर गणेश डोंगरे ने इन तीनों शेयर को सोमवार को खरीदने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्प के शेयर को 103-106 पर खरीदा जा सकता है। इस शेयर का टारगेट प्राइस 111 और स्टॉप लॉस 98 रखने की सलाह दी गई है। इसी तरह, पॉलीकैब इंडिया के शेयर को 8040-8070 रेंज पर खरीदने की सलाह दी गई है। शेयर के लिए टारगेट प्राइस 8300 और स्टॉप लॉस 7900 तय किया है। वहीं, बजाज फाइनेंस की बात करें तो 921 पर खरीदने और टारगेट प्राइस 965 तय किया है।

## घोटाले के बीच आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का बढ़ा मुनाफा, सुस्त शेयर लेकिन 87 तक जा सकता है भाव

**मुंबई, एजेंसी।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को निवेशकों की नजर उन बैंकों के शेयर पर होगी जिनके तिमाही नतीजे वीकेंड में जारी किए गए हैं। इनमें से एक बैंक आईडीएफसी फर्स्ट भी है। मार्च तिमाही के दौरान बैंक में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ था। हालांकि, इसके बावजूद बैंक का मुनाफा बढ़ा है। अब इस बैंक के शेयर की कीमत 70 रुपये से कम है तो ब्रोकरेज की ओर से टारगेट प्राइस 87 रुपये दिया गया है। आइए डिटेल जान लेते हैं। बैंक का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स रेश्यो थोड़ा बेहतर होकर 1.61 प्रतिशत हो गया। बैंक के नेट या बैड लोन में मामूली गिरावट आई है। इस तिमाही के दौरान हरियाणा सरकार ने बैंक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे पैनल से हटा दिया और सभी सरकारी फंड वापस लेने का आदेश दिया। लेन-देन रोक दिए हैं और विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने फंड पब्लिक सेक्टर के बैंकों में ट्रांसफर कर दें। यह कदम फरवरी 2026 में चंडीगढ़ ब्रांच में 590 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद उठाया गया। इस पूरे मामले पर बैंक ने बताया कि उसने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में प्रभावित राशि को पूरी तरह से खर्च के तौर पर दर्ज कर लिया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर की बात करें तो बीते शुक्रवर को 67.23 रुपये पर था। इस बैंक के लिए 'बाय' कॉल जारी किया है। ब्रोकरेज ने शेयर के लिए 87 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है। बता दें कि 2 जनवरी 2026 को शेयर ने 87 रुपये के स्तर को टच किया था।

## महंगा होगा पेट्रोल-डीजल: आने वाला है बड़ा संकट, संकेत दे रहे एक्सपर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ हार्मुज इस समय ग्लोबल मार्केट के लिए बड़ा संकट बन चुका है। यह रास्ता बंद होने की वजह से तेल सप्लाई पर भारी असर पड़ा है, लेकिन अभी तक इसकी पूरी मार डिमांड पर साफ तौर पर नहीं दिखी है। वजह यह है कि अमीर देश अपने स्टॉक (भंडार) का इस्तेमाल कर रहे हैं और ज्यादा कीमत देकर भी तेल खरीद रहे हैं। हालांकि, अब ट्रेडर्स चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले समय में इसका बड़ा झटका देखने को मिल सकता है। असल समस्या यह है कि सप्लाई में करीब 10 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है। अगर यह रास्ता जल्द नहीं खुलता, तो लोगों को मजबूरी में कम तेल इस्तेमाल करना पड़ेगा। यह या तो बढ़ती कीमतों की वजह से होगा या फिर सरकारें खुद खपत कम करने के लिए कदम उठाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 1 अरब बैरल तेल की सप्लाई पहले ही प्रभावित हो चुकी है, जो कि आपातकालीन भंडार से कहीं ज्यादा है। शुरुआती असर एशिया के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में दिखा, लेकिन अब इसका असर धीरे-धीरे आम लोगों की जिंदगी तक पहुंच रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, इस महीने वैश्विक तेल मांग में पिछले 5 साल का सबसे बड़ा गिरावट देखने को मिल सकती है।

# दिल्ली टू पटना चार घंटे में, यहीं बने 'वंदे भारत बुलेट ट्रेन' से अगले साल ऐसा संभव होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वह दिन दूर नहीं जबकि आप दिल्ली से पटना की दूरी चार घंटे में तय करेंगे। वह भी ट्रेन से। जी हां, बेंगलुरु में बुलेट ट्रेन जैसी एक ट्रेन बनाने की फैक्ट्री तैयार की गई है, जहां 280 किलोमीटर की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने वाली या वंदे भारत बुलेट ट्रेन बनाई जाएगी। इस कारखाने में बनी पहली प्रोटोटाइप ट्रेन अगले साल पटरी पर उतर जाएगी। यह जानकारी खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है। अश्विनी वैष्णव कल बेंगलुरु स्थित बीईएमएल के प्लांट में थे। वहीं निर्माण करने के लिए आदित्य कंप्लेक्स विकसित किया गया है। रेल मंत्री ने कल इसी का उद्घाटन किया। रेल मंत्रालय के मुताबिक यह एक स्पेशलाइज्ड कंप्लेक्स है जहां विशेष तौर पर हाई-स्पीड ट्रेन या का निर्माण होगा। वह भी इंडिजेनस इंजीनियरिंग से। इस फैक्ट्री में जो ट्रेन सेट बनेगा उसे 'वंदे भारत बुलेट ट्रेन' के नाम से पुकारा जा रहा है। यह नाम इसलिए कि यह देखने में तो वंदे भारत ट्रेन की तरह है लेकिन स्पीड इसकी होगी बुलेट ट्रेन की तरह। इसे रेल मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत का स्वदेशी बुलेट ट्रेन' की संज्ञा दी है।

बीईएमएल के आदित्य प्लांट में बनने वाला पहला प्रोटोटाइप ट्रेन सेट अगले महीने पटरी पर आ जाएगा।

पहले इसका परीक्षण होगा, फिर इसे कॉमर्शियल रन के लिए बुलेट ट्रेन के



गुजरात में बन रहे सूरत-वापी कॉरिडोर में दौड़ाया जाएगा। यह बुलेट ट्रेन के अहमदाबाद-मुंबई कॉरिडोर का हिस्सा है। वहां फिजिकल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।

**अश्विनी वैष्णव ने क्या बताया:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा 'बुलेट ट्रेन का आत्मनिर्भर वर्जन है उसकी डिजाइनिंग आईसीएफ और बीईएमल मिल कर रहे हैं। यहीं पर मैन्यूफैक्चरिंग होगी, बीईएमएल में। आदित्या प्लांट जो कि स्पेशियली डिजाइन किया गया है, बुलेट ट्रेन की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए। यहां पर अत्याधुनिक मशीनें हैं, बहुत ही प्रिसिजन के साथ काम हो सके। वैसा काम होगा।' बुलेट ट्रेन का आत्मनिर्भर वर्जन है उसकी डिजाइनिंग आईसीएफ और बीईएमल मिल कर रहे हैं। यहीं पर मैन्यूफैक्चरिंग होगी, बीईएमएल में। बीईएमएल के आदित्य कंप्लेक्स में रेलवे की तरफ से बताया गया कि वंदे भारत बुलेट ट्रेन से बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा 73 मिनट में हो सकेगी। रेलगाड़ी से बेंगलुरु से चेन्नई की दूरी 353 किलोमीटर है। इस समय शताब्दी एक्सप्रेस को यह दूरी तय करने में 5.15 घंटे लगते हैं। सामान्य मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को यही दूरी तय करने में साढ़े पांच से छह घंटे लगते हैं। रेल मंत्री का दावा है कि ट्रेन से यह दूरी महज 73 मिनट में ही तय की जाएगी। इसी हिसाब से जोड़ा जाए तो दिल्ली से पटना की ट्रेन से दूरी 1,000 किलोमीटर की है। यदि ढाई सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी यह ट्रेन दौड़ती है तो चार घंटे में तो दिल्ली से पटना की यात्रा हो ही सकेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)